ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 4, अंक 109, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने 13

सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 14

राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।

राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

उचित समय पर लेंगे उचित फैसला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा सरकार के विपरीत जनाकांक्षा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएगी। इस कदम को सरकार गठन की संभावना से जुड़े सारे विकल्प खुले रहने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

गठबंधन के घटक दलों की अपने आधिकारिक आवास '10 राजाजी मार्ग' पर मेजबानी करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सरकार गठन की संभावना और आगे की रणनीति पर करीब दो घंटे तक चर्चा की। बैठक में गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कुल 33 नेताओं ने भाग लिया। खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई और बहुत से सुझाव आए। उन्होंने गठबंधन की तरफ से एक बयान भी पढ़ा। खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिले भारी जनसमर्थन के लिए हम मतदाताओं को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। इस जनादेश ने भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति, भ्रष्टाचार और लोगों को हक हकूक से वंचित करने की राजनीति को बहुत करारा जवाब दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक और नैतिक पराजय है। यह जनादेश महंगाई, बेरोजगारी और पूंजीवाद के खिलाफ है।

इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।

- इंडिया गठबंधन ने दिया विकल्प खुले रखने का संकेत

सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

मुंबई। चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

राहुल गांधी को सौंपा अमेठी से जीत का प्रमाण पत्र

केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली जाकर गांधी परिवार से मुलाकात की है। किशोरी लाल ने राहुल गांधी को अमेठी की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। किसी प्रकार का घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। किशोरी लाल ने कहा कि जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वो जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर मैं काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। मैं बिना जनता को इन्वॉल्व किए कोई काम नहीं करूंगा। किशोरी लाल ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है।

समर्थ पोर्टल पर 14 तक बढ़ी ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि

देहरादून। उच्च शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय, निजी महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। छात्र-छात्राएं अब समर्थ पोर्टल पर आगामी 14 जून तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे।

ओखलकांडा में गधेरे में गिरा वाहन, छह की मौत

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के पतलोट के समीप मैक्स वाहन देर शाम अनरबन गधेरे (बरसाती नाला) में गिर जाने से चालक समेत छह सवारों की मौत हो गई जिसमें तीन एक ही परिवार के थे, जबकि तीन बच्चों समेत सात घायल हो गए। चार घायलों को हल्द्वानी भेजा गया है।

मैक्स वाहन (यूके04 टीए 4243) हल्द्वानी से पुड़पुड़ी गांव जा रहा था। देर शाम करीब सवा सात बजे वाहन पतलोट से पहले झड़गांव के पास असंतुलित होकर 250 फीट गहरे गधेरे में गिर गया। वाहन के गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण पहुंचे और बचाव में जुट गए। जानकारी लगते ही खनस्यू थाने से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। ओखलकांडा अस्पताल से दो एंबुलेंस तत्काल मौके की ओर रवाना हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग घायल हुए। मृतकों में पुड़पुड़ी निवासी चालक भुवन भट्ट पुत्र डूंगरदेव भट्ट (30), भद्रकोट निवासी उमेश परगाई पुत्र हरीश परगाई (38), पुड़पुड़ी निवासी ममता पुत्री भोलादत्त (19), पार्वती देवी, महेश परगाई व दीपा परगाई शामिल हैं। इनमें से एक की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हुई। तीन घायलों पंकज (13), मनोज (11) व लक्की (7) को ओखलकांडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हल्द्वानी रेफर किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश नैनवाल ने बताया कि एक एंबुलेंस चार गंभीर रूप से घायल सवारियों को लेकर हल्द्वानी गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीण भुवन भट्ट ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बचाव में जुट गए थे। एसडीएम एएन गोस्वामी ने बताया कि मृतकों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई पतलोट में की जा रही है।

गधेरे में गिरा मैक्स वाहन।

- तीन बच्चों समेत सात लोग घायल चार घायलों को इलाज के लिए हल्द्वानी भेजा

मुंबई-दिल्ली आईआईटी शीर्ष 150 विवि में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं, आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है।

- एमआईटी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है।

शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

- कोर्ट का अंतरिम जमानत देने से भी इनकार

उत्तरकाशी में नौ ट्रैकर्स की मौत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, इसमें से चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है। वर्ष 2022 में हुए निम के द्रौपदी का डांडा हिमस्खलन हादसे के बाद दूसरा बड़ा हादसा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए उत्तरकाशी के सहस्त्रताल के लिए रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को दल सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए। वहां अचानक मौसम खराब होने, घने कोहरे और बर्फबारी के बीच ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं।

आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए। बाद में एसडीआरएफ भी मदद को पहुंच गई। उधर, ट्रैकिंग दल के 11 सदस्य जैसे-तैसे बेस कैंप तक पहुंच गए थे। जहां से उन्हें हेली कॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने रेस्क्यू टीम को बताया कि उनके 9 साथियों की मौत हो चुकी है। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने पांच शवों को रेस्क्यू कर लाया गया। रेस्क्यू टीम को शेष चार शव को लाने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बना हुआ है। ट्रैकिंग टीम में 18 सदस्य कर्नाटक के एक महाराष्ट्र का और तीन स्थानीय हैं।

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया
- मौसम खराब होने से हेलिकॉप्टर रेस्क्यू अभियान में आ रही बाधा

धांधली — शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल, 50% बच्चों के अभिभावक प्रबंधकों की परिक्रमा करने को मजबूर

300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है। हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहे हैं। वार्षिक समारोह-प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

प्रवेश न मिला तो बाधित होगी बच्चों की पढ़ाई

ग्रीष्मावकाश समाप्त होने वाले हैं। विद्यालय खुलते ही जब अन्य बच्चे पढ़ाई कर रहें होंगे तो आरटीई के तहत चयनित बच्चे एडमिशन के लिए चक्कर लगा रहे होंगे।

चौथे चरण के लिए जारी किए गए आवेदन पत्र

आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है।

> आरटीई के तहत सभी निजी विद्यालयों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को निशुल्क एडमिशन देना अनिवार्य है। यदि कोई विद्यालय प्रबंधन प्रवेश लेने से मना कर रहा है या अभिभावक को परेशान कर रहा है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। –**कंचन वर्मा**, शिक्षा महानिदेशक

नेशनल हाइड्रोग्राफिक संस्थान करेगा नैनी झील का सर्वे

पर्यटन कारोबार को लेकर राज्यपाल ने होटल एसोसिएशन और बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एसोसिएशन और बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए छोटी-छोटी पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप-वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की झील वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है जिसका रखरखाव किया जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाइड्रोग्राफर संस्थान देहरादून नैनीताल झील का जल्द ही सर्वे किया जाएगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय से संबंधित चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पेयजल व्यवस्था के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने, पुराने होटलों के पुनर्निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, मानसखंड हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल तक बड़ी बसों के संचालन, पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण किए जाने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में बोट एसोसिएशन द्वारा नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाने का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके।

इसके साथ नगर पालिका द्वारा दिए जाने वाले लाइफ जैकेट विगत तीन वर्षों से नहीं दिए गए हैं जिन्हें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण, सड़क की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्रवाई गतिमान भी है। इस बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, वेद शाह, रूचिर शाह, बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नैनीताल में राज्यपाल से मिलने पहुंचे होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

मां नैना देवी व्यापार मंडल खड़ी बाजार में लगाएगा कैमरे

नैनीताल : मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी से मुलाकात कर कहा कि खड़ी बाजार में आवासीय क्षेत्र के साथ सौंदर्यीकरण के बाद खासी भीड़ और सीजन में पर्यटकों के देर रात तक होने से सुरक्षा और निगरानी हेतु कैमरे व दो छोटे बोर्ड लगवाए जाने की अनुमति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण के बाद से रख रखाव की कमी है। पुनीत टंडन ने कहा कि कैमरों का पूरा खर्चा मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल निर्वहन करेगा।

सार-संक्षेप

भीमताल में जीएम कार्यालय पर धरना देते लोग। ● अमृत विचार

पानी नहीं मिलने पर तालाबंदी कर जताया रोष

भीमताल : नगर की ठंडी सड़क क्षेत्र में 22 दिन से पानी नहीं आने पर बुधवार को आखिरकार उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया। उपभोक्ताओं ने विभागीय कार्यप्रणाली से थक हारकर महाप्रबंधक जल संस्थान के कार्यालय में तालाबंदी कर दी। उपभोक्ताओं ने बताया कि 22 दिनों से पानी नहीं मिलने की शिकायत उनकी ओर से लगातार विभागीय अधिकारियों से की जा रही है, पर विभागीय अधिकारियों की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है, जिसके चलते स्थानीय उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे सहायक अभियंता आर डोबवाल ने बताया कि 5 से 7 दिन में चोक हुई लाइन का समाधान कर दिया जाएगा। पूर्व सभासद भूपेन्द्र कन्नौजिया ने सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर अनशन पर बैठने का ऐलान किया। इस दौरान धरना देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सूरज मेहरा, अधिवक्ता हाईकोर्ट सचिन बेलवाल, प्रतीक बिष्ट, नितिन बिष्ट, धीरज जोशी, नितिन रावत आदि मौजूद रहे।

भाजपा की जीत पर मंडल अध्यक्ष को मिठाई खिलातीं विधायक सरिता आर्य।

पालिका क्षेत्र में दो हजार मतों के अंतर से जीती भाजपा

नैनीताल : लोकसभा चुनाव में नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत के बाद बुधवार को नैनीताल विधायक सरिता आर्य ने पत्रकारों को संबोधित कर कहा कि भगत सिंह कोश्यारी के बाद दूसरी बार भाजपा ने नैनीताल नगर पालिका क्षेत्र में दो हजार मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। कहा कि पीएम मोदी व सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व व कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा जनता के आशीर्वाद से नैनीताल सहित प्रदेश की सभी पांचों सीटो पर जीत दर्ज की है।कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में भाजपा को मिली जीत का भरपूर फायदा आने वाले निकाय चुनाव में भी भाजपा को मिलेगा।

पालिकाध्यक्ष का टिकट पुराने कार्यकर्ता को मिले

नैनीताल : आगामी निकाय चुनाव में टिकट वितरण को लेकर विधायक सरिता आर्या कहा कि मेरी प्रबल इच्छा है कि पार्टी के पुराने व कर्मठ कार्यकर्ता को टिकट दिया जाना चाहिए। हालांकि पार्टी सर्वे के बाद योग्य उम्मीदवार को प्रत्याशी घोषित करती है।हालांकि पार्टी का निर्णय सब को मान्य होगा और जिसे भी पार्टी टिकट देगी सभी कार्यकर्ताओं को उसका समर्थन कर इस बार पालिकाध्यक्ष की सीट भाजपा का परचम लहराना पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, अरविंद पडियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी, नगर महामंत्री मोहित साह, मोहित रौतेला, विमल साह आदि मौजूद रहे।

पुलिस पर मारपीट का आरोप एसएसपी से शिकायत की

नैनीताल : नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र निवासी एक युवक ने मंगोली चौकी के एक पुलिसकर्मी पर मारपीट का आरोप लगाया है। तल्लीताल कृष्णापुर निवासी हरीश रौतेला ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह बीते दिनों शाम पांच बजे खुर्पाताल की ओर गया था। वापस आते समय सरिताताल के समीप वाहन से पास लेने के दौरान पुलिस कर्मी ने उसका वाहन रोक लिया। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी नशे की हालत में था जिसने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके हाथ मे गंभीर चोट आई है। साथ ही उसके वाहन की फ़ोटो लेकर सीज करने की भी धमकी दी गई है। युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की है।

कराटे में रूस-कजाकिस्तान के खिलाड़ियों ने लिया भाग

भीमताल : क्योकूशिन कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में भीमताल में 30वां ऑल इंडिया कराटे समर कैंप का आयोजन किया जा रहा। इसमें रूस और कजाकिस्तान के खिलाड़ी और प्रतिनिधि भी प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप का शुभारंभ रूस के प्रतिनिधि शिहान सर्गे सोल्डाटोव और कजाकिस्तान के प्रतिनिधि सेंसे ओमिर्बेक अलमगजनोव ने किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। इस दौरान सेंपाई अलेक्सांदर स्मिर्नोव और सेंपाई अलेक्सांदर सिमर्नोव भी शामिल थे। भारत के प्रतिनिधि वसंत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया और कैंप का संचालन किया। इस दौरान संसे हरीश पाण्डेय, सेंसे मिलेंद्र सेन कौशल, सेंसे अरुण सिंह के साथ 8 विभिन्न राज्यों से आए 90 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

नैनीताल में विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

रॉबिनहुड हाउस के नाम रही कॉक हाउस ट्रॉफी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय शेरवुड कॉलेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का विविध कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रॉबिनहुड हाउस ने सर्वश्रेष्ठ कॉक हाउस ट्रॉफी जीती।

समापन पर विद्यालय सभागार में विद्यार्थियों की इंडियन म्यूजिक सोसाइटी ने स्वरांजलि के तहत मंत्रमुग्ध मधुर संगीत का समा बांध दिया। मुख्य अतिथि रियर एडमिरल वीएसएम (सेवानिवृत्त) व विद्यालय में 1982 बैच के कॉलेज कैप्टन रहे दीपक बंसल ने कहा कि शेरवुड की शिक्षा की बदौलत इस मुकाम तक पहुचे हैं।

यह विद्यालय 155 वर्ष परंपरा का आज भी बखूबी निर्वहन कर रहा है। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डीआरडीओ की वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. निधि बंसल, ग्रेगमान, मॉर्डन स्कूल दिल्ली के प्रधानाचार्य डॉ. विजय दत्त, हेम चंद्र पांडे, बासू साह, मनमोहन सिंह समेत अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

बिंदुखत्ता में केवल एक बूथ जीत पाई कांग्रेस

लालकुआं : कभी कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले बिंदुखत्ता में वर्तमान लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 39 बूथों में से केवल एक बूथ जीतने में कामयाब रही।

कभी पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी के एक ईशारे पर बिंदुखत्ता में वोटो का ध्रुवीकरण हो जाता था और पिछले चार दशकों से बिंदुखत्ता कांग्रेस का गढ़ माना जाता था लेकिन 2012 के बाद कांग्रेसियों की आपसी लड़ाई के बाद बिंदुखत्ता में भाजपा का उदय शुरू हुआ और आज हालात यह है की बिंदुखत्ता में कांग्रेसियों को पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना रख पाना टेढ़ी खीर हो गई है।

यह ही नहीं 2012 के बाद बिंदुखत्ता में कांग्रेसी नेताओं की राजनीतिक विसात अपने-अपने बूथों पर ताश के पत्तों की तरह बिखर गई है इसके ताजा उदाहरण वर्तमान लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला है जिसमें 39 बूथों में से केवल एक बूथ संख्या 63 राजीव नगर प्रथम में कांग्रेस अपने वर्चस्व को बचाए रखने में कामयाब रही है। वर्तमान में बिंदुखत्ता में कुल 39 बूथ है जिनमें करीब 34 हजार मतदाता शामिल हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और नीतियां लाई रंग: भंडारी

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : पूर्व विधायक दानसिंह भंडारी ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से दूसरी बार विजयी हुए अजय भट्ट से भेंट की।

शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उनको विजयी होने पर बधाई दी। बाद में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक ने बताया कि रामगढ़ विकासखंड जो मेरा घर का विकासखंड है। उसमें उनकी ओर से जब से भाजपा ज्वाइन की है तब से लगातार घर-घर जाकर संपर्क किया गया।

आज उसी का नतीजा है कि हमने विकासखंड रामगढ़ के समस्त बूथ और पूरे विधानसभा क्षेत्र के बूथ हम लोगों ने जीते। वहीं बताया कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन और कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत का नतीजा है कि प्रत्याशी अजय भट्ट ने 3 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की। इस दौरान दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व प्रधान हरीशताल केडी रूबाली, कुंदन नयाल आदि मौजूद थे।

अजय भट्ट से मुलाकात करते पूर्व विधायक दानसिंह भंडारी व अन्य।

भाजपा के अच्छे कार्यों ने दिलाई जीत

भीमताल, अमृत विचार : पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राहुल जोशी ने नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से अजय भट्ट के दोबारा सांसद चुने जाने पर बधाई दी। इस दौरान राहुल जोशी ने अवगत कराया कि भाजपा की नीतियां जन कल्याणकारी हैं जिसके चलते प्रत्येक वर्ग और समुदाय लाभान्वित है वहीं बताया कि पर्वतीय क्षेत्र के लिए भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्य से पलायन में रुकावट आई है वहीं बताया कि उनके द्वारा दोबारा भाजपा की ज्वाइनिंग के बाद से डोर टू डोर भाजपा के लिए किए गए प्रचार से क्षेत्र के सभी बूथ में हम लोग आगे रहे। उन्होंने विजय प्राप्ति के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

पर्यटकों ने कारोबारी से की मारपीट

नैनीताल : माल रोड में एक मेडिकल स्टोर पर देर रात सामान लेने के दौरान कारोबारी और पर्यटकों के बीच विवाद व मारपीट हो गई।

रात करीब 11 बजे मल्लीताल निवासी अमरप्रीत मालरोड में दवा की दुकान बंद कर घर को निकाल रहे थे। इस दौरान उनकी बुजुर्ग मां और बच्ची भी साथ में थी। इसी दौरान दो पर्यटक दुकान पहुंचकर बच्चे के लिए दवा देने की बात कहने लगे। बच्चे की दवा के लिए कारोबारी ने दुकान खोल दी, लेकिन दुकान खुलने के बाद पर्यटक दवा के स्थान पर गर्भनिरोधक मांगने लगा। इसके बाद पर्यटक उलटा जवाब देकर ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कहने लगे। जब कारोबारी ने नेट नहीं चलने के कारण कैश में भुगतान करने की बात कही तो पर्यटक गाली गलौच और धक्का मुक्की पर उतर आए। बुधवार को दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

सीएचसी बेतालघाट को मिला ओआरएस

गरमपानी : गर्मी में डिहाइड्रेशन रोकने में मददगार महत्वपूर्ण ओआरएस उपलब्ध न होने का मामला जोरशोर से उठने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। खबर प्रकाशित होते ही सीएचसी बेतालघाट में ओआरएस उपलब्ध करा दिया गया है। ओआरएस न होने से पंचायत प्रतिनिधियों ने भी नाराजगी जताई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सतीश पंत के अनुसार समुचित ओआरएस उपलब्ध कराए गए हैं।

कार्यों का जायजा लिया

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय समेत तमाम गांवों को जोड़ने वाले बेतालघाट - भुजान मोटर मार्ग पर करोड़ों रुपये की लागत से लगाए जा रहे क्रैश बैरियरों को स्थापित करने के कार्य में सवाल उठने के बाद लोनिवि के अफसर हरकत में आ गए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता संजय पांडे व अपर सहायक अभियंता मनमोहन सिंह ने औचक निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया।

मा. श्री अजय भट्ट जी की प्रचंड जीत पर मिष्ठान वितरण

नैनीताल-उधमसिंह नगर के लोकप्रिय सांसद अजय भट्ट जी की प्रचंड जीत होने मंडल कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, महामंत्री योगेश तिवारी,कमलेश रावत,मनोज भट्ट नितेश बिष्ट,दिनेश संगुड़ी,भावना महरा ,बीना आर्या,कमल जोशी,गोपाल भट्ट पंकज जोशी शरद पांडे सुनीता पांडे मंजू जोशी मोना सुयाल, एडवोकेट राहुल जोशी, पूजा जोशी,, चंद्र शेखर ब्रजवासी, कार्तिक कर्नाटक चंद्र शेखर गिरी ।नीमा नेगी महेश जोशी सुशील थापा भुवन जोशी आशु पाठक शिप्रा जोशी ।मीनाक्षी आर्या समेत भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

39.1°	27.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.13	सूर्यास्त 19.09

एक नजर

21 को होगी हाफ मैराथन

हल्द्वानी : ट्राई क्लब की ओर से 21 जून को हाफ मैराथन का आयोजन किया जायेगा। मैराथन पांच से 10 किलोमीटर तक होगी। क्लब की सदस्य प्रियंका ने प्रेस वार्ता में बताया कि मैराथन में 400 लोग प्रतिभाग करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य शहीदों व पूर्व सैनिकों को सम्मान देना है। सभी प्रतिभागियों को पौधरोपण के लिए प्रेरित भी किया जायेगा।

बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड, गर्मी से मिली राहत

हल्द्वानी में तेज हवा के बाद गिरे ओले, बारिश हुई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बुधवार को शहर में अपरान्ह तक गर्मी रही, लेकिन शाम को मौसम एकाएक बदल गया। तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल छा गए। ओले पड़े और बारिश भी हुई। शाम के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

हल्द्वानी में सुबह से ही मौसम साफ रहा। मौसम साफ रहने की वजह से धूप भी तेज रही। दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ी और हल्की गर्म हवाएं भी चलीं। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब साढ़े पांच बजे मौसम में बदलाव होने लगा। तेज हवा चलने लगी और धूल के गुबार उड़ने लगे। कुछ देर बाद ठंडी सड़क, दमुवाढूंगा, मल्ली बमौरी, पॉलीशीट आदि क्षेत्रों में थोड़ी देर तक ओले गिरे। उसके बाद बारिश शुरू हो गई। हालांकि हल्द्वानी के बाकी हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

मौसम में हुए बदलाव के बाद ठंडी हवा चलने लगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बुधवार को मौसम में बदलाव होने का अनुमान जताया था, जो सही साबित हुआ है। इधर, मुनस्यारी में 15.2 मिमी, पिथौरागढ़ में 9.4 मिमी, बेरीनाग में 8 मिमी, गरुड़ में छह मिमी, गंगोलीहाट में 5.1 मिमी, गैरसैंण में 3 मिमी और बागेश्वर में दो मिली बारिश दर्ज की गई है।

बुधवार को बारिश के दौरान रामपुर रोड में गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

अब मौसम साफ रहने का अनुमान

हल्द्वानी : मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अब कुमाऊं के मैदानी इलाकों में आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा और तापमान में भी बढ़ोत्तरी होगी। लोगों को अभी गर्मी से और जूझना पड़ेगा। पहाड़ों में अगले दो दिन तक बादल छाए रहने और बारिश होने का अनुमान है।

कठौत गांव में भालुओं के दिखने से लोगों में दहशत

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के बुधलाकोट गांव के तोक ठेलका में दो भालू दिखने के बाद अब समीपवर्ती कठौत गांव में भालू दिखने से हड़कंप मच गया है। आबादी के नजदीक दो भालूओं के पहुंचने से गांव के लोग दहशत में हैं। ग्राम प्रधान त्रिभुवन पाठक ने वन विभाग के अधिकारियों से सुरक्षा के ठोस उपाय करने की मांग की है।

कुछ दिन पूर्व ठेलका गांव में दो भालूओं की आवाजाही होने से गांव में दहशत फैल गई थी। अब अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे कठौत गांव में एक साथ दो भालू देखे जाने से गांव के लोग सख्ते में आ गए हैं। दहशत के चलते किसान खेतों व बगीचों तक नहीं जा रहे हैं।

बच्चों पर भी खतरा बढ़ गया है। कुछ वर्ष पूर्व हली गांव में भालू ने एक किसान को मार डाला था। अब एक बार फिर दो भालूओं के देखे जाने से खतरा दोगुना हो गया है। ग्राम प्रधान त्रिभुवन पाठक के अनुसार वन विभाग को सूचना दे दे गई है। खतरा टालने को कहा गया है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई हल्द्वानी डिपो की बस, परिचालक की मौत

मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे बिलासपुर चीनी मिल के पास हुआ भीषण हादसा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल से दिल्ली जा रही हल्द्वानी डिपो की बस नैनीताल-रामपुर हाईवे पर बिलासपुर चीनी मिल के पास हादसे का शिकार हो गई। यात्रियों से भरी बस लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। भीषण दुर्घटना में हल्द्वानी डिपो के परिचालक की मौत हो गई। जबकि चालक समेत एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

मनीष मिश्रा।

हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 4183 बीते मंगलवार को नैनीताल से दिल्ली के लिए निकली थी। रात करीब साढ़े 11 बजे बिलासपुर चीनी मिल के पास हादसा हो गया। बस को चालक महेश सिंह चला रहा था, जबकि परिचालक के तौर पर मनीष मिश्रा बस में मौजूद थे। हादसे में बस का आगे वाला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के बाद परिचालक मनीष को रामपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी चालक से ली जाएगी। हालांकि चालक की हालत नाजुक बनी हुई और वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। चालक समेत कुल 12 लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। बस में चालक-परिचालक को मिलाकर कुल 14 लोग सवार थे। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद वह बुधवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि टिकट मशीन नहीं मिली है, लेकिन जानकारी के मुताबिक बस में चालक व परिचालक को मिलाकर 14 लोग बस में सवार थे। चालक की हालत गंभीर है, उससे बात नहीं हो पाई है।

दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस। ● अमृत विचार

12 घायलों में 5 लोगों की हालत नाजुक, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

14 लोग सवार थे बस में, कर्मचारी यूनियन ने जताया शोक

तीन माह पहले ही मृतक आश्रित कोटे से मिली थी मनीष को नौकरी

हल्द्वानी : मृतक मनीष मिश्रा को तीन माह पूर्व ही मृतक आश्रित कोटे से परिचालक के पद पर हल्द्वानी रोडवेज डिपो में नियुक्ति मिली थी। वह हल्द्वानी के मंडी क्षेत्र का रहने वाले हैं। उनके पांच बच्चे हैं। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया। इस हादसे से उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की इकाई हल्द्वानी के कर्मचारियों में भी शोक है।

पांच घायल बरेली के निजी अस्पताल रेफर

हल्द्वानी : बस व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में घायल 12 लोगों में पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। इन पांच लोगों को रामपुर से बरेली स्थित निजी अस्पताल रेफर किया गया है। एआरएम का कहना है कि रामपुर में उपचाराधीन अन्य यात्रियों की हालत खतरे से बाहर है। चिकित्सकों का कहना है कि जल्द ही कुछ लोगों को छुट्टी दे दी जाएगी।

मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हत्या का आरोप

हल्द्वानी, अमृत विचार : एक मेडिकल स्टोर संचालक मंगलवार को चोरगलिया के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए चोरगलिया थाना पुलिस को तहरीर सौंपी है।

म ल्ला बिसवा दन्यादोली रानी खेत निवासी राजेंद्र बिष्ट (34 वर्ष) का एमबीपीजी कॉलेज के पास मेडिकल स्टोर है। वह हल्द्वानी में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार की शाम वह सितारगंज से हल्द्वानी को लौट रहे थे। चोरगलिया के पास वह स्कूटी खड़ी कर लघुशंका करने लगे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, राजेंद्र के ताऊ के लड़के भूपेंद्र सिंह ने हत्या की आशंका जताते हुए चोरगलिया थाने में तहरीर दी। उन्होंने कहा कि राजेंद्र के शरीर में रगड़ के गई निशान हैं। अगर एक्सीडेंट होता तो स्कूटी में भी चोट आती। राजेंद्र का मोबाइल कैसे स्कूटी के ऊपर रखा था।

पहाड़ पर बढ़ी हादसों की रफ्तार

- कुमाऊं में दो साल में सड़क हादसों में गई 668 लोगों की जान
- साल-दर-साल बढ़ रहा मौत का ग्राफ और घायलों की संख्या

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहाड़ की सर्पीली सड़कें उतना नहीं डरा रहीं, जितना मैदान की सीधी सड़कें। सड़कों के बढ़ते जाल के साथ हादसों और मौतों का ग्राफ भी गुजरते सालों के साथ बढ़ रहा है। बानगी के तौर पर समझें कि वर्ष 2022 में सड़क हादसों में 334 लोगों की मौत हुई, लेकिन वर्ष 2023 के सिर्फ 9 महीनों में ही उससे ज्यादा लोग सड़क हादसों का शिकार हो गए। हर साल चालानी कार्रवाई से करोड़ों, अरबों का राजस्व जुटाने वाली पुलिस के दावे भी तेज रफ्तार वाहनों के नीचे कुचले जा रहे हैं। हादसों और मौतों के मामले में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिला पहाड़ी जिलों से कहीं आगे है। पेश है पुलिस के दस्तावेजों के आधार पर एक रिपोर्ट...

कुमाऊं में पिछले तीन साल में हुए हादसों पर एक नजर

वर्ष	कुल दुर्घटनाएं	मृतक	घायल	ओवरस्पीड
2021	428	243	316	406
2022	531	307	456	514
2023	503	334	454	469

नैनीताल व यूएस नगर में 33 माह में 790 मौतें

हल्द्वानी : वर्ष 2021 से वर्ष 2023 के सितंबर तक रफ्तार की वजह से 790 लोगों ने नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में जान गवां दी। इन दोनों जिलों में वर्ष 2021 में 394 सड़क दुर्घटनाओं में 226 मौतें और 264 लोग घायल हुए। वर्ष 2022 में 490 हादसों में 267 लोगों की जान गई और 386 लोग घायल हुए। इसी तरह वर्ष 2023 सितंबर तक 463 सड़क हादसे हुए और 297 लोगों ने अपनी जान गवां दी। इन 33 महीनों में ओवर स्पीड के कुल 1291 मामले दर्ज किए गए।

पहाड़ी जिलों में भी तेजी से बढ़ रहा मौतों का ग्राफ

हल्द्वानी : मैदानी जिलों की अपेक्षा पहाड़ी जिलों में हादसों, मौतों और घायलों की संख्या कम है, लेकिन फिर वृद्धि तेजी से हो रही है। पिछले 33 महीनों में अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिले में 159 लोगों की जान जा चुकी है। चारों जिलों में वर्ष 2021 में कुल 34 दुर्घटनाएं, 17 मौतें और 52 लोग घायल हुए। वर्ष 2022 में 38 सड़क दुर्घटनाएं, 40 मौतें और 70 लोग घायल हुए। वर्ष 2023 के सितंबर माह तक 40 हादसे, 37 मौतें और 37 लोग घायल हुए।

पहाड़ों पर चेकिंग न होने के कारण ओवरलोड चल रहे वाहन

भीमताल : पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकांश मार्गों में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही होती है। कम सीटों में आरटीओ से पास वाहनों में दोगुनी सवारियां सवार होते हुए लगभग हर मार्ग में दिखाई दे जाएंगी। इन वाहनों में सवारियों के साथ-साथ कभी कभी तो लोग पशुओं को भी लेकर सवारियां करते देखे जा सकते हैं। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो सरकारी परिवहन बसों का संचालन न होने के कारण और क्षेत्र में कम वाहन होने के कारण इन वाहनों में सवारी करना मजबूरी है। वाहन दुर्घटनाओं के बाद एक-दो सप्ताह तक लगभग हर दिन हल्द्वानी या लोकल स्तर पर सवारियों को लेकर वाहनों की चेकिंग होती है। उसके बाद सब पूर्ववत चलता है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थान-स्थान पर वाहनों की चेकिंग करने की व्यवस्था करने और सरकारी बसों का संचालन क्षेत्र में करने की मांग की है।

30 घंटे लावारिस पड़ा रहा शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक महिला ने छत से कूद कर जान दे दी। न कोई आरोप था, न ही प्रत्यारोप, बावजूद इसके परिजन 30 घंटे इधर से उधर भटकते रहे। परिजनों को पुलिस की प्रताड़ना भी सहनी पड़ी।

मूलरूप से भुड़िया मंदनापुर जलालाबाद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश निवासी सरिता (22 वर्ष) पत्नी मल्लू पिछले 20 वर्ष से पंचायत घर में मुरलीधर के तीन मंजिला मकान में किराए पर रह रही थी। मल्लू के साथ उसका बड़ा भाई सुखबीर और बहन भी रहते हैं। परिजनों के मुताबिक सरिता मानसिक रूप से बीमार थी। बीती 3 जून की सुबह करीब 7 बजे उसने पानी की टंकी में छलांग लगा दी। तब जेठ सुखबीर ने उसे बचाया और मल्लू को निगरानी करने की सलाह दी। सुबह करीब 10 बजे मल्लू की आंख लग गई। तभी सरिता भाग खड़ी हुई। ननद पीछे दौड़ी तो उसने तीन मंजिल पर छत का दरवाजा बंद कर लिया और छलांग लगा दी। उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आई। उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। 4 जून की शाम मजिस्ट्रेट ने शव का पंचनामा भरा और 5 जून को शव का पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम कराने में 30 घंटे से अधिक समय लगा दिया गया। बुधवार को दोपहर पौने एक बजे शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

जेठ और पति को पुलिस ने सात घंटे चौकी में बिठाया

हल्द्वानी : मल्लू की शादी चार साल पहले हुई थी और वह अपने भाई सुखबीर के साथ फूलों का काम करता है। आरोप है कि घटना की अगली सुबह मेडिकल चौकी पुलिस ने उसे बुलाया। वह अपने भाई के साथ सुबह करीब 9 बजे चौकी पहुंचा। उससे चौकी में पूछताछ की गई और प्रताड़ित किया गया। शाम 4 बजे तक दोनों चौकी में बैठे रहे। जब पंचायतनामे की कार्रवाई हुई तब उन्हें छोड़ा गया।

एनडीए की बैठक में शामिल होंगे भट्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने वाले सांसद अजय भट्ट बुधवार की सुबह दिल्ली रवाना हो गए। वह एनडीए की बैठक में हिस्सा लेंगे। संभावना है कि प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद ही लौटेंगे।

नैनीताल संसदीय सीट से अजय भट्ट ने जीत दोहराई है। उन्हें 7,72,671 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी को 4,38,123 मत मिले। अजय भट्ट ने इस बार भी 3,34,548 मतों के अंतर से जोशी को हराया है। बुधवार की सुबह सांसद अजय भट्ट दिल्ली रवाना हो गए। वह एनडीए की बैठक में हिस्सा लेंगे।

22 होम स्टे और होटलों को थमाया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्यटन सीजन में एक्सपायर उपकरणों से होटल और होम स्टे में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब दमकल विभाग की टीम सुरक्षा मानकों की पड़ताल करने निकली।

हल्द्वानी और लालकुआं में ऐसे 22 होटल और होम स्टे मिले, जिनका नियमों को ताक पर रखकर संचालन किया जा रहा था। इन सभी होटल और होम स्टे संचालकों को दमकल विभाग ने नोटिस जारी किए हैं। चेतावनी दी है कि अगर मानक पूरे नहीं किए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक नैनीताल जिले के 300 से ज्यादा अस्पताल, होटल, होमस्टे व अन्य संस्थानों में निरीक्षण किया गया। चेकिंग में हल्द्वानी और काठगोदाम के 12 होम स्टे ऐसे मिले हैं, जहां अग्निशमन उपकरण मौजूद नहीं थे। यहां ठहरने वाले लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था।

जबकि लालकुआं में 10 होटलों का संचालन सुरक्षा मानकों को ताक पर रख कर किया जा रहा था। मंगलवार को इन सभी प्रतिष्ठानों को दमकल विभाग ने नोटिस भेजकर जल्द से जल्द सुरक्षा मानकों की पूर्ति करने को कहा है। साथ ही बताया कि जिले में सुरक्षा मानकों की पड़ताल जारी है।

मेरठ और दिल्ली में हादसों के बाद शुरू हुई चेकिंग

कुछ दिन पहले दिल्ली के चाइल्ड केयर अस्पताल में आग लग गई थी। इस हादसे में कई बच्चों की मौत हो गई थी और जब जांच की गई तो तमाम खामियां पाई गईं। इसी तरह मेरठ स्थित अस्पताल में भी बड़ा हादसा हुआ। अस्पताल में भयावह अग्निकांड हुआ। इन हादसों के बाद दमकल विभाग ने नैनीताल जिले में भी चेकिंग अभियान शुरू किया।

> अभी तक जितनी जगहों पर कमी पाई गई सभी को नोटिस दिया गया है। चेकिंग अभियान जारी है, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। कमियां पूरी न होने पर कार्रवाई में सख्ती की जाएगी।
> – गौरव किरार, मुख्य अग्निशमनअधिकारीनैनीताल

लापरवाही

- दमकल विभाग की चेकिंग में हल्द्वानी और लालकुआं के होटल व होम स्टे में मिलीं कमियां

व्यवस्था छह विधानसभा सीटों पर उपयोग की गई थीं ईवीएम, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात

सरस बाजार में बने वेयर हाउस में रखी गईं 1008 ईवीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद ईवीएम-वीवीपैट को सुरक्षित वेयर हाउस में रख दिया गया है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

लोकसभा चुनाव के मतदान में जिले की छह विधानसभा सीटों पर 1008 ईवीएम उपयोग की गई थीं। मतदान के बाद इन ईवीएम को एमबीपीजी कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया था। यह रूम थ्री लेयर सुरक्षा के घेरे में था। बीते मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में बने मतगणना स्थल में ईवीएम-वीवीपैट से मतों की गिनती हुई थी। यहां जिले की सभी विधानसभा सीटों हल्द्वानी, लालकुआं, भीमताल, नैनीताल, कालाढूंगी और रामनगर की ईवीएम से गणना हुई थी। सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतगणना देर सायं तक चली। शाम को मतगणना पूरी होने के बाद रात को ही ईवीएम-वीवीपैट को एमबीपीजी कॉलेज से सरस बाजार में बने वेयर हाउस में रखवा दिया गया है। नियमानुसार छह माह तक कोई भी वोटों की गिनती को लेकर चुनौती दे सकता है, इसलिए इस अवधि तक ईवीएम का अन्यत्र उपयोग नहीं होगा और कड़ी सुरक्षा की जाएगी।

एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि ईवीएम को मतगणना पूरी होने के बाद वेयर हाउस में रखवा दिया गया है। अब ये ईवीएम वेयर हाउस में ही रहेंगी। ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

सरस मार्केट में निर्वाचन कार्यालय, जिसमें ईवीएम रखी गई हैं।

एमबीपीजी कॉलेज से चुनावी सामान, टेंट हटना शुरू

हल्द्वानी : प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद एमबीपीजी कॉलेज से टेंट व मतगणना का सामान हटाना शुरू कर दिया है। आज-कल तक समूचा परिसर कॉलेज प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया जाएगा। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने जब मार्च माह में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी तब आचार संहिता लागू हो गई थी। आचार संहिता लागू होते ही लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने एमबीपीजी कॉलेज को अधिग्रहीत कर लिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी, एमसीसी, एमसीएमसी, चुनाव कार्यालय, विधानसभा वार ट्रेनिंग कक्ष वगैरह सभी बनाया गया था। 19 अप्रैल को मतदान हुआ, फिर 4 जून को मतगणना संपन्न हो गई। मतगणना के लिए टेंट वगैरह लगाया गया था। मतगणना संपन्न होते ही प्रशासन ने कॉलेज से सामान समेटना शुरू कर दिया है। बुधवार को कॉलेज से टेंट, कुर्सियां, मेज वगैरह हटाना शुरू कर दिया था। अधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रशासन ने 6 जून के बाद कॉलेज परिसर को कॉलेज प्रबंधन को सुपुर्द करने का आश्वासन दिया है।

जिले में 1511 लोगों ने दबाए 1.5 करोड़, विभाग लाचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले में 1511 लोगों ने अपात्र होने के बावजूद किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले लिया। अब इन लोगों से धनराशि वसूलने में कृषि विभाग के पसीने छूट रहे हैं। इन अपात्रों से विभाग को करीब 1.5 करोड़ रुपये वसूलने हैं।

किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिकी को बेहतर करने के लिए केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना चलाई है, लेकिन इस योजना में अपात्रों ने भी सेंधमारी कर ली है। योजना के तहत किसानों के खातों में सालभर में तीन किश्तों में दो-दो हजार रुपये डाले जाते हैं।

किसानों को सम्मान निधि बांटने के लिए केंद्र सरकार ने मानदंड बनाए हैं। इसके मुताबिक आयकर भरने वाले और 10 हजार रुपये से अधिक पेंशन लेने वाले किसान इस राशि को पाने के योग्य नहीं हैं। मगर जिले में कई लोग गलत तरीके से सम्मान निधि का लाभ उठा रहे थे। जब सरकार ने किसानों के प्रमाण पत्रों की जांच कराई तो पता चला कि आयकर भरने वाले किसान भी सम्मान निधि ले रहे हैं।

कृषि विभाग ने ऐसे किसानों को चिह्नित कर धनराशि वापस करने के लिए तीन महीने पहले नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने विभाग को धनराशि वापस कर दी है, लेकिन अब भी 1511 लोगों ने धनराशि वापस नहीं की है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऐसे लोगों के बैंक खाते फ्रीज किए जाने की कोशिश की जा रही है।

सेंधमारी

- आयकर दाता होने के बावजूद ले रहे थे किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

> अपात्रों से रिकवरी के लिए विभाग ने नोटिस भेज दिये हैं। किसान सम्मान निधि में धनराशि की रिकवरी के लिए स्पष्ट नियमावली न होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। – डॉ. वीके यादव, मुख्य कृषि अधिकारी नैनीताल

जैव विविधता के लिए पर्यावरण संरक्षण बढ़ाएं : राज्यपाल

विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुआ पौधरोपण, स्कूल-कॉलेजों में भी विविध आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नैनीताल में पौधरोपण करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार राजभवन एवं गोल्फ कोर्स परिसर में बर्ड वाचिंग की। पौधरोपण भी किया।

बर्ड वाचिंग के दौरान उन्होंने कई पक्षियों को देखा जिनमें हिमालयन चित्ता कठफोड़ा, सामान्य भुजंगा, तीतर, पहाड़ी बुलबुल, सलेटी-सिर पतफुदकी, सफेदकंठ चिलचिल आदि प्रजातियां थीं। बर्ड वाचरों ने पक्षियों की इन प्रजातियों की विशेषता आदि के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को देखकर एक अलग ही आनंद की अनुभूति हुई है। राज्यपाल ने कहा कि अन्य स्थानों पर जहां पक्षियों के दीदार मौसम पर निर्भर है, इस परिसर में वर्ष भर पक्षियों का बसेरा रहता है। कहा कि प्रकृति के अनमोल खजाने से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड की जैव विविधता विशिष्ट है, जो पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे रही है। हमें इस जैव विविधता को बचाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान डीएफओ नैनीताल चंद्रशेखर जोशी, एसडीओ प्रमोद चंद तिवारी, रेंजर संतोष गिरि, बर्ड वाचर मनीष कुमार, विरेन्द्र रावत, प्रवीन सिंह रावत, योगेश आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन में पौधरोपण व श्रमदान किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : काठगोदाम रेलवे स्टेशन में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण व श्रमदान किया गया। इस मौके पर रेलवे कॉलोनी और हेल्थ यूनिट ने मिलकर कई पौधे लगाये। साथ ही रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक बृजलाल मीना, मंडल वाणिज्य निरीक्षक सत्यवान आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्राओं ने जाना जैव विविधता का महत्व

हल्द्वानी : वन अनुसंधान केंद्र में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को जैव विविधता की जानकारी दी गई। रामपुर रोड स्थित वन अनुसंधान की नर्सरी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने पौधारोपण किया। रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर आरबोरेटम में विलुप्त प्रजाति के पांच पौधे लगाये गये। करीब 85 छात्राओं समेत मुकुल कुमार, तनुजा पांडे, प्रधानाचार्या मीरा मिश्रा, छाया पांडे, जया हरबोला, गरिमा जोशी, सुनीता मौजूद रहे।

जजी परिसर में सफाई अभियान, पौधरोपण किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : दंड एवं दीवानी न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में न्यायाधिकारियों, अधिवक्ताओं और विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत कर्मियों ने साफ-सफाई व पौधरोपण किया। प्रथम अपर जिला जज ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलम रात्रा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश पांडे, सिविल जय आदर्श त्रिपाठी, प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित महेश, द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल गोयल ने पौधरोपण किया। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, उपाध्यक्ष सुनील एस पुंडीर, सचिव मोहन बिष्ट, रोहन कपकोटी, इंद्र सिंह मेहता, दीपक अधिकारी, दिगंबर किरोला, कृष्ण मोहन तिवारी, पीएलवी उमा भंडारी आदि थे।

हल्द्वानी में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। ● अमृत विचार

वुडलैंड्स स्कूल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हल्द्वानी। सौहार्द जन सेवा समिति के तत्वावधान में वुडलैंड्स स्कूल में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय की व्यवस्थापिका रंजना धौनी ने पौधरोपण कर वृक्षों का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें अभिनय, संवाद, संदेश आदि का मिश्रण देखा गया। अंत में सौहार्द जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालकर बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय की अकादमिक निदेशका लता खोलिया, प्रधानाचार्य मनदीप कौर, पूनम जोशी, कमला मेहता आदि उपस्थित रहे।

वुडलैंड्स स्कूल में प्रमाण पत्रों के साथ विजेता छात्र-छात्राएं व मौजूद शिक्षिकाएं।

पर्यावरण दिवस

भीमताल में कम्युनिटी कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

छात्र-छात्राओं ने की पर्यावरण बचाने की पहल

भीमताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग और कम्युनिटी कॉलेज भीमताल ने संयुक्त रूप से पर्यावरण दिवस पर वृहत स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को लगाया। विश्व पर्यावरण दिवस पर सर जेसी बोस तकनीकी परिसर भीमताल, कम्यूनिटी कालेज और भेषज विज्ञान विभाग फार्मेसी विभाग में निर्देशक प्रो. एलके सिंह और तकनीकी संकाय अध्यक्ष प्रो. कुमुद उपाध्याय के मार्गदर्शन पर वृहत स्तर पर पौधरोपण किया गया। फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर पर्यावरण को बचाने के लिए व्याख्यान कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। प्रो. कुमुद उपाध्याय ने भीमताल के बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त क। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, तकनीकी संकाय अध्यक्ष प्रो. कुमुद उपाध्याय, डॉ. नितिशा नेगी, डॉ. नरेश पंत, डॉ. उमा रावत आदि मौजूद थे।

पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का संकल्प लें : डॉ. बिष्ट

भीमताल : ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विकास खण्ड भीमताल मुख्यालय में पौधरोपण किया। सभी को पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत है प्रकृति को बचाने की। इस अवसर पर माइंड यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर डॉ. श्वेता, ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, प्रधान शेखर भट्ट, कमल गोस्वामी, पूर्व प्रमुख देवेंद्र बिष्ट, मनोज चनियाल, कमल जोशी, बीरू मेहरा, प्रेम मेहरा, मनोज दुर्गापाल, गोविंद राणा, लक्ष्मी दत्त, भैरव दत्त, दुर्गा दत्त, नवीन क्वीरा, सोनू, दीपू बोहरा आदि लोग मौजूद रहे।

भीमताल में पौधरोपण करते ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

भवाली : संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर पौधरोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। बुधवार को भवाली में कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथि के रूप में भवाली के निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संजय कुमार व नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष ने मिशन कि प्रशंसा कर कहा कि यह मिशन मानव सेवा के लिए हमेशा अग्रसर रहा है। कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह ने सहयोग देने के लिए नगर पालिका, नगर पुलिस प्रशासन, निरंकारी सेवा दल के भाई-बहनों, एसएनसीएफ के वॉलंटियर रानीखेत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ आदि का आभार प्रकट किया।

भवाली में पौधरोपण करते नगर अध्यक्ष व अन्य।

भवाली में यूथ कांग्रेस ने किया पौधरोपण

भवाली : पर्यावरण दिवस पर यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष भवाली अफसर अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण बचाओ जिंदगी बचाओ मुहिम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान दीपक कुमार, हिमांशु आर्य, अभय आर्य, मयंक चन्याल आदि मौजूद रहे।

वन कर्मियों और नेचर गाइड ने निकाली रैली

चोरगलिया : नंदौर वन्य जीव अभ्यारण हल्द्वानी वन प्रभाग चोरगलिया की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर वन कर्मियों व नेचर गाइडों के सहयोग से रैली निकाली। रैली से लोगों को पर्यावरण को बचाने के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने, इधर-उधर कूड़ा न फैलाने, हरे वृक्षों को ना काटने व अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। जागरूकता रैली में आरोह बीएस मेहता, बैंड दरोगा हरीश बरोलिया, अमर सिंह गोनिया, नवीन बरोलिया, ज्योति जोशी व नेचर गाइड में दीपू चौसली, आनंद तिवारी, मन्नू मेहरा, विनोद चौसली, देवेंद्र फरतियाल, लता मलडा, अनु मलड़ा आदि थे।

चोरगलिया में पर्यावरण दिवस पर रैली निकालते वन कर्मी और नेचर गाइड।

शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर नैनीताल में संत निरंकारी फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सरिता आर्य, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी व नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह ने सयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में नैनीताल, रामनगर, बाजपुर, काशीपुर, रुद्रपुर, बरेली, पीलीभीत, खटीमा, बहेड़ी, हल्द्वानी समेत अन्य क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कर्यक्रम के तहत नैनीताल के फ्लैट मैदान, तल्लीताल, मल्लीताल, नैना मंदिर, स्नो व्यू प्वाइंट, सूखाताल, राजभवन मार्ग आदि स्थानों में सफाई अभियान चलाया गया।

नैनी झील किनारे स्वच्छता अभियान चलाते संत निरंकारी फाउंडेशन के सदस्य।

व्यापार मंडल ने चलाया शहर में सफाई अभियान

नैनीताल : व्यापारियों ने तिब्बत मार्केट के निकट एकत्रित होकर गुरुद्वारे क्षेत्र, कार पार्किंग क्षेत्र, चाट पार्क आदि क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में मल्लीताल व्यापार मंडल के महामंत्री त्रिभुवन फर्त्याल, तेन्ज़िन ल्हाडोंन, सोनम चोएडॉन, रिन्ज़िन छोएज्योंम, तेन्ज़िन चोएडॉन, स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के टशी टॉपग्याल, तिब्बति मार्केट एसोसिएशन के येशी थुप्टेन, चॉन्जॉर, लोबासंग सोएपा, पेमा चोएक्यी, सोनम नॉरज़ूम मौजद रहे।

एस-3 फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

नैनीताल : बुराश महिला स्वयं सहायता समूह, एस-3 फाउंडेशन, एनसीसी कैडेट्स ने ठंडी सड़क और नंदा देवी मंदिर के पीछे बने वोट स्टैंड में सफाई अभियान चलाया, जिसमें भारी मात्रा में कूड़ा एकत्र किया गया। साथ ही टीम ने पर्यटकों और स्थानीय नाव चालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। बुरांश महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कंचन जोशी ने बताया कि समूह की ओर से आगे भी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान में 50 से अधिक एनसीसी कैडेट्स और बुराश महिला स्वयं सहायता समूह से कंचन जोशी, उमा भट्ट, ऊषा, नीलम, ज्योति और फाउंडेशन से अजय कुमार, जय जोशी, बीना आदि लोग मौजूद थे।

पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया

भीमताल : हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल ने पर्यावरण दिवस धूमधाम के साथ मनाया। आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थान के प्रांगण और संस्थान की ओर से गोद लिए गए ढुंगसिल गांव में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में गांव के लोगों की भागीदारी रही। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को नुकसान पहुंचाने की निंदा की। इस दौरान सभी ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी चैधरी, डॉ. मंजू नेगी, डॉ. गीता आर्या, पूजा आर्या, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. सतीश चन्द्र, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. विनिता रॉय गणेश चन्द्र, डॉ. पूनम मेहता, दिगम्बर खनेड़ा, शालिनी भारती, राम कृष्ण आर्या, नीरज कुमार, मुकेश आर्य, राहुल कुमार, दीपक देसवाल, नेत्र प्रसाद गौतम, नितिन भगवाल, तनूजा, दीपा और भुवन पलड़िया आदि मौजूद रहे।

हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल बच्चे और स्टाफ।

सार-संक्षेप

भजपाइयो में जगी बलूनी के मंत्री बनने की आस

रामनगर : भाजपा सरकार में इस बार नव निर्वाचित सांसद अनिल बलूनी के मंत्रिमंडल में शामिल होने की उम्मीद भाजपा कार्यकर्ता लगाए बैठे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सांसद बने अनिल बलूनी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद करीबी होने के साथ साथ भजपा संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी भी है ऐसे में उनकी मंत्री मण्डल में शामिल होने की संभावना बन सकती है। उनकी जीत से गदगद भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अनिल बलूनी शुरू से रामनगर के विकास के लिए प्रयत्नशील है निश्चित तौर पर उनके नेतृत्व में रामनगर क्षेत्र की कई अधूरे कार्य पूरे होंगे।

रामनगर में मिठाई वितरित कर जश्न मनाते अधिवक्ता।

भाजपा सरकार बनने पर अधिवक्ताओं ने बांटा मिष्ठान

रामनगर : भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनने पर अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित किया गया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बालम सिंह बिष्ट द्वारा सरकार बनने पर मिष्ठान वितरण कर प्रसन्नता जताई गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में अधूरे पड़े विकास कार्य पूरे होंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, जगतपाल सिंह रावत, गणेश कुमार गगन, मनोज अग्रवाल, एलएम पांडे, दीवानगिरी, जगदीश मासीवाल, शोभित कश्यप व अन्य कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

पत्रकार राजीव अग्रवाल को मातृ शोक

सावित्री देवी।

रामनगर : वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया क्लब के महासचिव राजीव अग्रवाल की माता सावित्री देवी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही उनके घर में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शव यात्रा में भारी संख्या में पत्रकार, विधायक, विभिन्न समाजिक एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र पंकज अग्रवाल, अरुन, संजीव व राजीव ने संयुक्त रूप से दी।

दीया फुलपतिया का एमबीबीएस में चयन

दीया फुलपतिया।

चोरगलिया : जीडीजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा दीया फुलपतिया पुत्री ओम प्रकाश फुलपतिया का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है। जीडीजेएम विद्यालय प्रबंधन की ओर से दीया व उसके परिवार को शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

रामनगर में निकाली साइकिल रैली

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम हुए। कार्बेट टाइगर रिजर्व की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्बेट के निदेशक धीरज पांडे की ओर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके उपरांत गर्जिया चौकी वन परिसर में पौध रोपण किया गया। इस दौरान धीरज पाण्डे, निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व दिगन्ध नायक, उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व / प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग एवं अमित ग्वासीकोटी, पार्क वार्डन, बिजरानी उप वन प्रभाग, मनीष जोशी, सहायक वन संरक्षक, पूनम कैथोला, उप प्रभागीय वनाधिकारी आदि मौजूद रहे। उधर कार्बेट फाउंडेशन, ढिकुली द्वारा ढिकुली गांव के 50 स्कूली छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और संरक्षण प्रयासों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में मुख्य रूप से चित्रकला प्रतियोगिता और नर्सरी तकनीकों की शिक्षा शामिल थी।

साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते कार्बेट के निदेशक। ● अमृत विचार

छायादार, औषधि युक्त पौधे लगाए

लालकुआं। विश्व पर्यावरण दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य व वन विभाग की टीम के साथ क्षेत्र के वन अनुसंधान पौधशाला एवं डौर्वी फील्ड में छायादार एवं औषधि युक्त पौधों का रोपण किया। इधर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्राध्यापकों व छात्रों ने पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। इधर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रध्यापकों व छात्रों द्वारा पर्यावरण संवर्धन व हरियाली के प्रति जागरूकता के संकल्प के साथ पौधरोपण किया।

आज लगाएंगे पौधे तो कल वृक्ष बनकर देंगे छांव

विश्व पर्यावरण दिवस

- अमृत विचार की पौधा वितरण मुहिम में वन मंत्री हुए शामिल
- अमृत विचार के कार्यालय पर पौधे बांटकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वातावरण में तेजी से बदलाव हो रहा है, रिकॉर्ड तोड़ गर्मी इसका उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षित रहेगा, तभी धरती पर मानव का अस्तित्व बना रहेगा।

लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत विचार के बरेली स्थित कार्यालय और गांधी उद्यान पर बुधवार को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत विचार की पौधा वितरण मुहिम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार शामिल हुए। उन्होंने कार्यालय पर लोगों को पौधों का वितरण किया। साथ ही पौधा रोपकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज आप पौधा लगाएंगे तो कल यही वृक्ष बनकर छांव देंगे। मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि पर्यावरण हमारे मानव अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जरूरी है। हमारे वातावरण में कई प्रकार की गैस सीमित मात्रा में मौजूद है। इनका संतुलन बिगड़ता है तो खामियाजा सभी को भुगतना पड़ता है। लोग बढ़ती गर्मी से परेशान हैं, जिसकी बड़ी वजह पेड़ों का कम होना है। लिहाजा, जरूरी है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाएं। लोगों को अपने घरों में, किसानों को अपने खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने की जरूरत है। पेड़ ऐसे लगाए जाएं, जिनसे छाया मिल सके। इसमें कोई शक नहीं कि विकास के चलते पेड़ों का कटान हुआ है, लेकिन हर साल बड़ी तादाद में पौधरोपण किया जा रहा है। पिछले साल भी प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपे गए। पेड़ लगाने से ज्यादा जरूरी है पेड़ों को बचाना। जुलाई महीने में वन महोत्सव के दौरान लोग पौधे लगाएं। कहा कि पेड़ पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड लेते हैं और हमें ऑक्सीजन देते हैं। कार्यक्रम में लोगों को फलदार, औषधीय और धार्मिक महत्व वाले पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान अमृत विचार बरेली के संपादकीय प्रभारी नवीन गुप्ता, डीजीएम अनिरुद्ध त्यागी, विपणन प्रबंधक आशीष शर्मा, सिटी प्रभारी विश्वदीपक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार कार्यालय पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार पौधरोपण करते हुए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

चंद्रशेखर की जीत पर खुशी मनाते भीम आर्मी संगठन के लोग।

चंद्रशेखर की जीत पर मनाई खुशी

हल्द्वानी : भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर की नगीना लोकसभा सीट से जीत पर खुशी मनाई। संगठन की नैनीताल जिला इकाई ने गोलचा कंपाउंड स्थित कार्यालय में मिठाई बांटी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर की जीत यह साबित करती है कि संविधान की बात करने वालों को जनता पसंद करती है। नफीस अहमद खान ने कहा कि बिना किसी बड़े संसाधन के आजाद समाज पार्टी ने नगीना में भाजपा, इंडिया गठबंधन को भी धूल चटा दी। कार्यक्रम में जीआर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार, इशरतुल्ला सैफी, सुंदरलाल बौद्ध, सुलेमान मालिक, जीतराम, अनित कुमार, रंजीत कुमार, हरीश लोधी मौजूद थे।

एनडीए गठबंधन की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं ने मनाया एनडीए गठबंधन की जीत का जश्न

हल्द्वानी : एनडीए गठबंधन को लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करने और उत्तराखंड की सभी 5 लोकसभा सीटों में जीत प्राप्त करने पर अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में मिष्ठान वितरण कर जनता का आभार जताया। तीसरी बार बहुमत मिलने पर एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर की। वरिष्ठ भाजपा नेता पूरन चंद्र भगत ने इसे भाजपा की नीतियों की सफलता बताया। युवा भाजपा नेता बहादुर सिंह नगदली ने सभी 5 सीटों पर विजय प्राप्त करने का श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता उमेश जोशी, एनके जोशी, भुवन चन्द्र पनेरू, ललित मोहन गुररानी, पियूष तिवारी, ललित मोहन जोशी मौजूद रहे।

डिग्री कॉलेज में हुए 24 छात्र-छात्राओं के प्रवेश

हल्द्वानी : नए शिक्षा सत्र के लिए राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में बुधवार को 24 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। इसमें बीए में 12, बीकॉम में 3, बीएससी पीसीएम में 9 और बीएससी जेडबीसी में शून्य प्रवेश हुए है। प्राचार्य शशि पुरोहित ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। अब आगे की प्रवेश प्रक्रिया एमबीपीजी कॉलेज में होगी।

प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को दी जिम्मेदारी

हल्द्वानी : प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापक के पद रिक्त चल रहे हैं। इसके चलते विद्यालयों के वित्तीय लेखा-जोखा से लेकर अन्य कार्य अटक रहे हैं। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी करते हुए विद्यालयों में नियुक्त प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को प्रभारी प्रधानाचार्य एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी सौंपी है।

बिजली घर में फाल्ट आने से 4 घंटे ठप रही आपूर्ति

हल्द्वानी : कमलुवागांजा बिजलीघर में 33 केवी लाइन में एक बार फिर से फाल्ट आ गया। इससे 13 बीघा फीडर से जुड़े कई क्षेत्रों में 4 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। मंगलवार की देर रात कमलुवागांजा 220 केवी बिजलीघर से 33 केवी लाइन में फाल्ट आने से कालाढूंगी बिजलीघर के 13 बीघा फीडर से आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते देवलचौड़, बरेली रोड, तल्ली हल्द्वानी, नैनी विहार, खन्ना फार्म समेत कई इलाकों में रात में चार घंटे बिजली गुल रही। वहीं समता आश्रम गली, महिला अस्पताल, चौधरी कॉलोनी, नई बस्ती, इंदिरानगर, उत्तर उजाला, गणपति बिहार, जोशी बिहार समेत कई इलाकों में बुधवार को तीन घंटे बिजली कटौती रही है।

इस बार शनि जयंती होने से बढ़ा महत्व, ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है पर्व: डॉ. मंजू

अखंड सौभाग्य को वट सावित्री का उपवास आज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वट सावित्री के पर्व पर शनि जयंती होने से इस पर्व का महत्व बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व पर विवाहित स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार वटवृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति को दोबारा जीवित किया था, तब से वट वृक्ष की पूजा का विधान है। वट वृक्ष को भगवान शिव का प्रतीक माना गया है।

बरगद के वृक्ष के तने में भगवान विष्णु, जड़ में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। इस वृक्ष में कई सारी शाखाएं नीचे की ओर रहती हैं, इन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इसलिए धार्मिक मान्यतानुसार इस वृक्ष की पूजा करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। संतान प्राप्ति के लिए वट वृक्ष की पूजा करना लाभकारी माना गया है। इस दिन विवाहिताएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए उपवास रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष वट सावित्री पर्व पर विशेष योग बनने जा रहे हैं। इस बार गजकेसरी योग, बुधादित्य योग, महालक्ष्मी योग, धृति योग, चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र अपनी उच्च राशि में बैठकर शुभ फल प्रदान करेंगे तथा शनिदेव अपनी स्वराशि कुंभ में विराजमान होकर सभी पर कृपा बरसाएंगे।

शनि जयंती होने पर करें ये विशेष उपाय

जिन जातकों की कुंडली में शनि की महादशा, साढ़े साती एवं ढैया का प्रभाव है उन सभी को शनि जयंती पर विशेष उपाय करने चाहिए। शनि मंदिर में लोहे का चारमुखी दीप प्रज्ज्वलित करें। काली वस्तुओं का दान करें। हनुमान चालीसा का 11 बार पाठ करें। काले कुत्ते को उड़द की दाल से बना हुआ भोजन खिलाएं। पितरों के निमित्त ब्राह्मण को अन्न वस्त्र का दान करें।

पूजा मुहूर्त

ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 5 जून की शाम 7:07 से शुरू होकर 6 जून की शाम 6:09 बजे तक रहेगी। पूजा का शुभ समय गुरुवार ब्रह्म मुहूर्त के साथ ही शुरू होगा। वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:52 से दोपहर 12:47 तक रहेगा।

लामाचौड़ में दो कारें भिड़ीं, यूपी के नौ लोग चोटिल

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ इलाके में मंगलवार की देर रात दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी पांच युवक और रामपुर निवासी चार युवक-युवती चोटिल हो गए। पुलिस के मुताबिक पांच युवक अपनी कार से लामाचौड़ होते हुए प्रयागराज और रामपुर के शाहबाद निवासी दो युवक और दो युवती नैनीताल से घूमकर लौट रहे थे। वन चौकी के पास दोनों कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी चोटिल हो गये।

साहब...बरसात में नाले से होती है बहुत परेशानी, सफाई तो करवा दो

नगर निगम के अधिकारियों ने गौजाजाली उत्तर में चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

चौपाल

- लोगों ने शनि बाजार स्थित नाले की सफाई, सड़क निर्माण करने सहित कई मुद्दे उठाए

50 स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग बोले-लाइटें नहीं लगने से रात में आने-जाने में होती है दिक्कत

14 गलियां तंग, कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी नहीं आ पाती है गलियों में ई-रिक्शा व हाथ ठेलों की व्यवस्था हो

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शनि बाजार स्थित नाले के बरसात में ओवर फ्लो होने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इस बार 15 जून तक मानसून के पहुंचने की उम्मीद है। मगर अभी तक नाले की सफाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में रोष है। क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से बरसात से पहले नाले की सफाई कराने की मांग की।

बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों ने गौजाजाली उत्तर वार्ड 59 में चौपाल लगाई और लोगों की समस्याएं सुनी। चौपाल में लोगों ने प्रमुख रूप से शनि बाजार स्थित नाले की सफाई कराने की मांग उठाई। कहा कि सफाई न होने के कारण बरसात में नाले का गंदा पानी घरों में घुस जाता है। जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने कहा कि चौधरी कॉलोनी के स्वामी बिहार में ठेकेदार ने सड़क पर रोड़ी बिछाकर छोड़ दी है, जिससे दिन राहगीर व दोपहिया वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने सड़क निर्माण जल्द पूरा करने की मांग की। कहा कि कई गलियों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगने से रात में आने जाने में परेशानी होती है। वार्ड में करीब 50 स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग की। साथ ही 15 नए विद्युत पोल लगाने की भी मांग की। लोगों ने बताया कि वार्ड की करीब 14 गलियां तंग हैं, जिससे कूड़ा उठाने वाली गाड़ी गलियों में नहीं आ पाती हैं, इसलिए कूड़ा उठाने के लिए ई-रिक्शा या हाथ ठेलों की व्यवस्था की जानी चाहिए। लोगों ने सीवर लाइन जल्द डालने की भी मांग की। क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने नगर निगम के अधिकारियों से चौपाल में उठीं सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की मांग की। इस दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सह नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सफाई इंस्पेक्टर अमोल असवाल, चतुर सिंह, करामत, खालिद हुसैन, असलम मलिक, आरिफ मंसूरी, दीपू जोशी मौजूद रहे।

गौजाजाली उत्तर वार्ड 59 में चौपाल के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते नगर आयुक्त विशाल मिश्रा व अन्य अधिकारी।

बोले नगर आयुक्त

वार्ड में नालियों की सफाई की गई है। कुछ स्थानों पर लोगों के कूड़ा डालने से नालियां बंद हैं, जिसे साफ करने और कूड़ा डालने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। - **विशाल मिश्रा**, नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी

नालियों में कूड़ा डाला तो कटेगा चालान

चौपाल में नगर निगम के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि वार्ड में कई लोग बैणी सेना को कूड़ा कर नहीं दे रहे हैं। जिस पर उन्होंने कूड़ा कर देने को कहा। कहा कि सुबह के समय गाड़ियां सड़क पर खड़ी होने से कूड़ा वाहन गलियों में नहीं जा पाते हैं। कहा कि नालियों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित परिजन आयोग के सामने रखेंगे अपना पक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

सर्पदंश का मामला

- आठ वर्ष पूर्व सांप के काटने से हुई थी किशोरी की मौत
- चिकित्सकों पर लगाया था लापरवाही का आरोप

अमृत विचार : करीब आठ वर्ष पूर्व एक किशोरी की सर्पदंश से मौत हो गई थी। परिजन उपचार के लिए बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के चक्कर काटते रहे, लेकिन किशोरी को उपचार नहीं मिला। चिकित्सकों की लापरवाही से युवती की मौत हो गई। मामले में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग ने पीड़ित परिजनों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है।

7 जुलाई 2016 को हल्द्वानी रामपुर रोड निवासी हजारी लाल मौर्या की पुत्री शीतल मौर्या (12 वर्ष) को सांप ने काट लिया था। परिजन उसे उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर आये। आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी बेटी को गलत इंजेक्शन लगा दिए। जिसके बाद बाहर से दवा लाने को कहा। उन्होंने चिकित्सक को दवा खरीदने के रुपये न होने की बात बताई, जिस पर चिकित्सकों ने उपचार नहीं किया। बाद में परिजन किशोरी को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लेकर गए। यहां से चिकित्सकों ने उसे वापस डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया। उपचार नहीं मिलने की वजह से किशोरी की मौत हो गई।

सच के साथ सामाजिक संस्था के सचिव बीसी पंत ने बताया कि मामले की तत्कालीन जिलाधिकारी ने जांच कराई थी, जिसमें चिकित्सकों की लापरवाही की बात सामने आई थी। इसके बाद मामला आगे नहीं बढ़ पाया। संगठन ने पैरवी करते हुए मामले को उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के सामने रखा। आठ साल बाद यह मामला फिर से खुल गया है। मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर जांच कमेटी ने मामले में साक्ष्य जुटाए हैं। बीसी पंत ने बताया कि आयोग ने 21 अगस्त को पीड़ित परिवार को मामले में जवाब देने के लिए बुलाया है।

हल्द्वानी स्टेडियम ने जीता बास्केटबॉल मैच

हल्द्वानी, अमृत विचार : मिनी स्टेडियम में बुधवार से जिला स्तरीय अंडर-16 बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गया है। प्रतियोगिता के पहले दिन हल्द्वानी स्टेडियम और इंस्प्रेशन स्कूल के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें हल्द्वानी स्टेडियम ने 28-07 से मुकाबला अपने नाम किया। कोच एनएच रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की 16 टीमें प्रतिभाग कर रही है। सभी टीमों के बीच मैच के बाद जिला बास्केटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। चयनित टीम हरिद्वार में प्रस्तावित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

2023-24 बैच के नर्सिंग छात्रों की परीक्षा कराएं

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने एचएनबी मेडिकल कॉलेज गढ़वाल व पिथौरागढ़ नर्सिंग कॉलेज को निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2023-24 बैच के नर्सिंग छात्रों की परीक्षा कराई जाए। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए एकलपीठ को भेज दिया है।

मामले के अनुसार दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, पीजी कॉलेज बायो मेडिकल साइंस और नर्सिंग कॉलेज ऑफ पिथौरागढ़ के छात्रों ने खंडपीठ में विशेष अपील दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने नर्सिंग कॉलेजों में नर्सिंग की सीटें बढ़ाई हैं। जिस समय सीटों में वृद्धि की गई, उस समय उनके पास आईएनसी का सर्टिफिकेट नहीं था। सर्टिफिकेट देरी से मिलने के कारण जो नर्सिंग की सीटें बढ़ाई गई थीं, उसके लिए उन्होंने अंतिम दिन आवेदन किया। अब उनकी परीक्षा नहीं कराई जा रही है। विभागीय लापरवाही से उनकी परीक्षा नहीं हो पाई है। इस वजह से उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

बिजली चोरी रोकें, वॉल्व से पानी दें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने पेयजल और बिजली कटौती की समस्या को देखते हुए बुधवार को राजपुरा में पंप हाउस और हाईडिल में विद्युत सब स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने वोल्टेज को स्थिर रखने, बिजली चोरी रोकने तथा वॉल्व के माध्यम से पानी देने के निर्देश दिए।

पंप हाउस का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेयजल लाइन में वॉल्व के माध्यम से क्षेत्र में पानी दिया जाए। जिससे लोगों को नियमित तौर पर पेयजल मिल सके। उन्होंने हल्द्वानी स्थित 65 ट्यूबवेल से पानी की वितरण लाइन की योजना बनाने को कहा। इसके बाद काठगोदाम स्थित हाईडिल के 132 केवी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वोल्टेज को स्थिर रखने वाले कैप्सिटर बैंक को एक ट्रांसफार्मर में प्रायोगिक तौर में लगाया जाए। उन्होंने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसई नवीन मिश्रा, ईई जल संस्थान रवि शंकर लोशाली मौजूद रहे।

विद्युत सब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम वंदना।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity | Dhar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सांख्यिकी रिपोर्ट ऋण वितरण में देहरादून जिला पहले नंबर पर, टिहरी और पौड़ी जिले का भी अच्छा प्रदर्शन

समूह गठित करने में ऊधमसिंह नगर जिला प्रथम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : स्वयं सहायता समूह गठित करने के मामले में प्रदेश में ऊधमसिंह नगर जिला पहले स्थान पर है। सांख्यिकी उत्तराखंड की रिपोर्ट में सामने आया है कि इस मामले में टिहरी जिला दूसरे नंबर पर है। स्वयं सहायता समूहों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराने के मामले में देहरादून जिला पहले नंबर पर है।

स्वयं सहायता समूह कम आय वाले लोगों के लिए आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का प्रमुख साधन है। सरकार की कोशिश रहती है कि स्वयं सहायता समूहों से महिलाएं ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ें, जिससे स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में तो कई जगह स्वयं सहायता समूहों की मदद से महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से परिचित कराया गया। उत्तराखंड में स्वयं सहायता समूहों के गठन में पूरे राज्य में कुमाऊं मंडल का ऊधमसिंह नगर जिला प्रथम स्थान पर है। इस जिले में बीते वित्तीय वर्ष में 2414 समूहों का गठन हुआ। इसके बाद टिहरी में 2192 समूहों, पौड़ी जिले में 2173 समूहों का गठन किया गया। नैनीताल जिले की बात करें तो जिले में 1556 स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ। साथ ही 1735 समूहों को बैंक से ऋण दिलाया गया है। बैंक से ऋण उन समूहों को भी मिला है जिनका गठन बीते वित्तीय वर्ष से पहले हुआ है। बैंक से ऋण लेने के मामले में देहरादून जिले के स्वयं सहायता समूहों की संख्या सबसे ज्यादा है। उत्तराखंड सांख्यिकी की रिपोर्ट के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष 66.2 प्रतिशत स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ तो वहीं 70.5 प्रतिशत समूहों को बैंकों से ऋण दिया गया।

उत्तराखंड में स्वयं सहायता समूहों के गठन में जिले की उपलब्धि

जिला	गठन	ऋण वितरण	जिला	गठन	ऋण वितरण
अल्मोड़ा	1120	1165	पौड़ी	2173	2269
बागेश्वर	806	1101	पिथौरागढ़	1752	1783
चमोली	1525	1472	रुद्रप्रयाग	957	780
चम्पावत	973	961	टिहरी	2192	2207
देहरादून	1685	2370	यूएसनगर	2414	1972
हरिद्वार	1043	1298	उत्तरकाशी	1657	2022
नैनीताल	1556	1735			

स्रोत-ग्राम्य विकास उत्तराखंड

रेलवे स्टेशन की तरफ की भूमि नापी

हल्द्वानी, अमृत विचार : नरीमन तिराहा से लेकर काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर बुधवार को भूमि की नपाई की गई। रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाली भूमि पर प्रशासन और लोनिवि के अधिकारियों ने नाप-जोख करके चूना डाल दिया है।

बुधवार को प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और लोनिवि ईई अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और काठगोदाम रेलवे स्टेशन की तरफ की जमीन की नाप-जोख की गई। करीब दो मीटर चौड़ी पट्टी को चिन्हित किया गया। साथ ही इस पर चूना डालकर निशान बना दिए गए हैं। लोनिवि ईई अशोक कुमार ने बताया कि शहर में चौराहों को चौड़ा किए जाने का काम जारी है। 15 जून को पंचायतघर चौराहा का कायाकल्प कर दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

कोटखर्रा बैनी मजार में झोपड़ी से अजगर को रेस्क्यू करते वन कर्मी अमजद खान।

कोटखर्रा बैनी मजार में अजगर का किया रेस्क्यू

शांतिपुरी : कोटखर्रा बैनी मजार निवासी पूरनलाल की झोपड़ी में अजगर दिखाई देने से परिवार में हड़कंप मच गया। बुधवार दोपहर बैनी मजार निवासी पूरनलाल अपनी झोपड़ी के अन्दर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनके पैर में सरसराहट हुई। नीचे देखने पर उन्हें अजगर अंदर आते हुए दिखाई दिया। इसके बाद परिवार के सभी लोग घबराकर घर से बाहर निकल कर आ गए। वहीं पूरनलाल ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनोज जोशी को दी। इसके बाद रेस्क्यू एक्सपर्ट वन कर्मी अमजद खान सूचना मिलते ही अपने साथी गगनदीप के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

चारा काट रही युवती को मगरमच्छ ने किया घायल

खटीमा : महोलिया में सिंचाई नहर के किनारे चारा काटने गई युवती पर मगरमच्छ ने हमला कर घायल कर दिया। बुधवार को महोलिया निवासी नरेंद्र सिंह राणा की पत्नी बबली राणा गांव की महिलाओं के साथ पशुओं के लिए चारा लेने महोलिया स्थित सिंचाई नहर के किनारे गई थी। वह सिंचाई नहर में चारा काट रही थी कि झाड़ियों में बैठे मगरमच्छ ने हमला कर बायां पैर पकड़ लिया। चीख पुकार पर साथ गई महिलाओं ने बमुश्किल मगरमच्छ के मुंह से बबली का पैर छुड़ाया। महिलाओं की सूचना पर पहुंचे परिजन और ग्रामीण बबली को नागरिक अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने महिला उपचार करने के बाद हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी।

डिंपल यादव दौरा कर टटोलेंगी कार्यकर्ताओं की नब्ज

डिंपल यादव के साथ प्रज्ञा चौधरी।

काशीपुर : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के परिणामों से लोगों की इंडिया गठबंधन से उम्मीद बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी भारत की सबसे बड़ी तीसरी पार्टी बनकर उभरी है। यह बात समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर प्रज्ञा चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी साइकिल अब उत्तराखंड में भी रफ्तार भरने के लिए तैयार है। जल्द ही मैनपुरी सांसद डिंपल यादव उत्तराखंड का दौरा कर यहां की नब्ज टटोलने का कार्य करेंगी।

जसपुर में राहगीरों को शरबत बांटते सामाजिक कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हाईवे पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया

जसपुर : सेवा पैथोलॉजी लैब संचालक ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से हाईवे पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। इस मौके पर लैब संचालक डॉ. दिलशाद, आरपी सिंह, डॉ. सीपी सिंह, किशोरी लाल, हरकेश सिंह, हाजी मौ. यामीन, जावेद अली, मौ. इस्तखार, मास्टर सुरेंद्र सिंह, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

खटीमा में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम और आयोजक। ● अमृत विचार

संजू इलेवन ने जीता नाइन ए साइड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

खटीमा : नाइन ए साइड ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले में संजू इलेवन ने एसआई ऑटो पैक को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। जानू को मैन ऑफ द सीरीज और तुषार वर्मा को में ऑफ द मैच घोषित किया गया। तराई बीज विकास निगम परिसर में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ऑटो पैक टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 85 रन का स्कोर खड़ा किया। 86 रन के लक्ष्य को लेकर मैदान में उतरी संजू इलेवन की टीम ने आठवें ओवर में 86 रन बनाकर फाइनल मुकाबला जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तुषार वर्मा, मैन ऑफ द सीरीज जानू तथा बेस्ट बल्लेबाज जय सिंह, बेस्ट गेंदबाज पवन तथा बेस्ट आल राउंडर का खिताब तुषार वर्मा ने दिया गया। टूर्नामेंट के संरक्षक सतीश चंद्र भट्ट ने विजेता टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रूपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर भवानी भंडारी, आयोजक राजू पोखरिया, भग्गी धामी, रंजीत मेहरा, अमन, बलवंत सिंह, कन्हैया, रमेश चौहान, नवीन चौहान, प्रकाश आर्य, नवीन भट्ट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अजय सिंह अज्जू, ग्राम प्रधान अनिल चंद, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुमित बहादुर पाल, दीपक सामंत, विक्की सामंत आदि मौजूद थे।

वर्चुअल मीटिंग कर सीएम धामी ने जल एवं पौध संरक्षण के दिए निर्देश

जल स्रोत, नदियों के पुनर्जीवीकरण पर दिया जोर, बैठक में डीएम ने दी जिले की जानकारी

वर्चुअल मीटिंग

संवाददाता, रुद्रपुर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल मीटिंग में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से जल संरक्षण एवं पौधरोपण अभियान को वृहद स्तर पर चलाने का आदेश दिया। उन्होंने जल संरक्षण अभियान के तहत जल स्रोत, जल धारा व नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने का आदेश दिया। कहा कि भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। इसलिए क्रिटिकल जल स्रोत, जल धारा इसमें रिचार्ज 50 प्रतिशत से कम हो गया है। उनको रिचार्ज करने एवं नदियों का पुनर्जीवीकरण बेहद जरूरी है।

सीएम ने कहा कि सिंचाई, वन, जल निगम, जल संस्थान, ग्राम्य विकास, पंचायती राज विभाग जल संरक्षण कार्यों का बेस लाइन सर्वे व बेस लाइन डाटा भी तैयार करें। वर्षाकाल में हरेला से 15 अगस्त तक वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, बीडीसी, पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, विधायक, जनप्रतिनिधियों के अलावा स्वयं सहायता समूहों, महिला मंगल दल, युवक मंगल दल, स्कूली बच्चों व वृहद जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान डीएम उदयराज सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला स्तर पर जल स्रोत, नदियों के पुनजीर्विकरण के लिए चिह्नित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। इस मौके पर वीसी प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, सीडीओ मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, उमेश तिवारी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, डॉ. ए के सिंह, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी पांडे, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, अधीक्षण अभियंता जल निगम मृदुला सिंह, अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, सिंचाई पीसी पांडे, तेज सिंह आदि मौजूद रहे।

गदरपुर में एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खटीमा में पांचों सीटें जीतने पर हर्ष जताते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अजय भट्ट की जीत पर भाजपा में जश्न

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: नैनीताल लोकसभा सीट पर प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उधर रुद्रपुर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कुंदन नगर में एकत्र हुए। जहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस मौके भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महिला मोर्चा की मंडल नगर अध्यक्ष ज्योति अरोरा, पूनम ग्रोवर, कुलबीरी चौधरी आदि मौजूद थे।

गदरपुर आवास विकास में प्रेस वार्ता करते विधायक अरविंद पांडे। ● अमृत विचार

देश की जनता ने मोदी पर फिर विश्वास जताया

गदरपुर : विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर अपना विश्वास जताते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का जनादेश दिया है। बुधवार को आवास विकास स्थित भाजपा नेता अशोक हुड़िया के आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविन्द पांडेय ने कहा कि गदरपुर विधानसभा से 28000 वोटो की बढ़त पार्टी के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों की मेहनत का फल है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक हुड़िया, राकेश भुड्डी, राजेश गुंबर मिनी, लवली हुड़िया, रजत हुड़िया, कश्मीर कम्बोज आदि मौजूद थे।

पांचों सीटें जीतने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

खटीमा : भाजपा के झनकट और खटीमा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड की पांचों सीट जीतने पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। बुधवार को पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत और भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की पांचों सीटें जीतने की खुशी में पंडित दीनदयाल पार्क पहुंचकर पंडित दीनदयाल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, सतीश गोयल, गोपाल बोरा, अमित पांडेय, किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह मौजूद रहे।

लोगों को मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें

रुद्रपुर : सीएमओ कार्यालय सभागार में डेंगू व क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आईडीएसपी और एनवीबीडीसीपी की राष्ट्रीय समीक्षा हुई। इसकी अध्यक्षता राज्य प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी आईडीएसपी के डॉ. राजेश आर्या ने जनवरी से जून तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस दौरान राज्य प्रभारी ने आदेशित किया कि चिह्नित हॉट स्पॉट में लगातार कार्य किया जाए। लोगों को मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार दिलाएं

रुद्रपुर, अमृत विचार : सीडीओ मनीष कुमार ने ग्रामीण सूक्ष्म लघु उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर (आरबीआई) के कार्मिकों व वॉव हैंडीक्राफ्ट ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर पारंपरिक कौशल और ज्ञान के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने परियोजना निदेशक अजय सिंह को निर्देश दिए कि प्रतिमाह प्रदर्शनी आयोजित कर औद्योगिक संस्थानों को भी आमंत्रित करें। ताकि ग्रामीण उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं को वृहद् स्तर पर पहचान मिल सके। इस मौके पर आरबीआई के प्रतिनिधि हेमंत बजेठा, अनुपम अवस्थी, मनोज कांडपाल, वॉव हैंडीक्राफ्ट के स्नेहल पंडित, इंदर सिंह, नितिन पटेल आदि मौजूद रहे।

हस्तनिर्मित उत्पादों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते सीडीओ। ● अमृत विचार

उपलब्धि | पांच वर्ष में 27 उन्नत प्रजातियां विकसित, जिनमें से 14 पूरे देश में उगाने के लिए कृषि मंत्रालय से संस्तुत

पंत विवि को दलहन के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध केंद्र पुरस्कार

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार: हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय अर्धशुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान केंद्र (ईक्रीसेट) में 27 से 29 मई तक खरीफ दहलनों की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इसमें जीबी पंत कृषि विवि को देश में विभिन्न दलहनी फसलों की अधिक पैदावार देने वाली रोग व कीटरोधी प्रजातियों के विकास और उनकी उत्पादन तकनीकें किसानों को उपलब्ध कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध केंद्र का पुरस्कार दिया गया।

विवि को खरीफ दलहनों के लिए सर्वोत्तम शोध संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने खुशी व्यक्त की है। निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने बताया कि विवि अब तक अधिक उपज देने वाली उन्नत किस्म की 67 प्रजातियों सहित उनकी उत्पादन तकनीकों का विकास कर चुका है। पिछले पांच वर्षों में विवि ने विभिन्न दलहनी फसलों की 27 प्रजातियों को विकसित कर किसानों को उपलब्ध कराया है। जिनमें से 14 प्रजातियां अखिल भारतीय स्तर पर उगाए जाने के लिए कृषि मंत्रालय से संस्तुत की गई हैं। विवि किसानों को उन्नत किस्मों के बीज पर्याप्त मात्रा में उत्पादित कर उपलब्ध करा रहा है।

सर्वश्रेष्ठ दलहन शोध केंद्र के लिए विवि के वैज्ञानिकों को पुरस्कृत करते आयोजक। ● अमृत विचार

10 वर्ष में 10 मिलियन टन बढ़ा उत्पादन

पंतनगर : वर्ष 2014-15 तक देश में लगभग 15-16 मिलियन टन ही दलहन उत्पादन होता था, जो देश की आबादी की आवश्यकता पूरा करने में नाकाफी था। वर्ष 2022-23 में दलहन उत्पादन 26 मिलियन टन पहुंच चुका है। देश में दलहन के उत्पादन को बढ़ाने में पंत विवि से विकसित प्रजातियों का विशेष स्थान रहा है। विवि से अरहर की यूपीएएस 120 एवं पंत अरहर 291, पंत चना 186, पंत उर्द 31 व पंत उर्द 12, पंत मूंग 5, पंत मसूर 406, पंत मसूर 639, पंत मसूर 4, पंत मसूर 5, पंत मसूर 8 व पंत मसूर 12 और मटर की पंत मटर 13, पंत मटर 14, पंत मटर 243 व पंत मटर 250 देश के किसानों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। दहलन परियोजना समन्वयक डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि वर्तमान में दलहनों की रोग व कीटरोधी अधिक उपज देने वाली ऐसी प्रजातियों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जो बदलती जलवायु, घटते जलस्तर व भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। दलहन परियोजना में डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. रविंद्र पंवार, डॉ. एसके वर्मा, नवनीत पारिक, डॉ. अंजू अरोरा, केपीएस कुशवाहा, एलबी यादव, रूचिरा तिवारी, मीना अग्निहोत्री, जेपी पुरवार, वीके सिंह व डीके शुक्ला आदि कार्यरत हैं।

सार-संक्षेप

सितारगंज में नीट में चयनित छात्रा को पारितोषिक देते स्कूल प्रबंधक व अन्य।

स्कॉलर्स वैली स्कूल की छात्रा ने नीट में लहराया परचम

सितारगंज : स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल की होनहार छात्रा सूची जैन ने नीट यूजी 2024 में 720 में से 700 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंकिंग में 2037 वीं रैंक हासिल की है। नगर के सुनील जैन की सुपुत्री सूची जैन ने अपनी स्कूली शिक्षा स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल से पूरी की। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए शीर्ष चिकित्सा कॉलेज एम्स में प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त की। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख, उप प्रधानाचार्य सीमा जोशी एवं कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह ने सूची के आवास पर जाकर पारितोषिक रूप में नगद धनराशि देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

जसपुर की 4 मेधावियों ने नीट में पाई सफलता

जसपुर : राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में जसपुर की एक छात्रा और तीन छात्रों ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीट में जसपुर व्यापार मंडल के महामंत्री महफूज मंसूरी की भतीजी सायमा मंसूरी एवं मंडी समिति में कार्यरत वरिष्ठ सहायक ध्यानसिंह जमनाल के पुत्र सिद्धार्थ जमनाल ने सफलता पाई है। इसके अलावा खेड़ा लक्ष्मीपुर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका अंजू चौहान के पुत्र अनंत प्रताप सिंह व हितांश प्रताप सिंह ने भी नीट की परीक्षा पास की है। एमबीबीएस की शिक्षा के लिए चयनित होने पर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉक्टर एमपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, खड़क सिंह चौहान, एसडीएम गौरव चटवाल, मंडी सचिव शैलेंद्र माहरा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित त्यागी, व्यापार मंडल अध्यक्ष तरुण गहलौत आदि ने बधाई दी है।

अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित पांच घायल

खटीमा : दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चम्पावत निवासी कुलदीप जोशी और अनुज बोरा बाइक से खटीमा की ओर आ रहे थे। इसी बीच जगबुड़ा पुल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें अनुज की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इधर मंगलवार देर शाम गांधी नगर निवासी अरविन्द कुमार और अवधेश कुमार बाइक से पूर्णापुर बाजार की ओर जा रहे थे कि पैदल जा रही सबौरा निवासी महिला देवकी देवी को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार अरविन्द, अवधेश व देवकी देवी घायल हो गए। तीनों को 108 से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

श्री ठाकुर महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

श्री ठाकुर महासभा के भूपेंद्र सिंह बने अध्यक्ष

काशीपुर : नगर की श्री ठाकुर महासभा कानूनगोयान, काशीपुर में चुनाव का आयोजन किया गया। इसमें महासभा के सभी सदस्यों ने भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से भूपेन्द्र सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र सरस्वती, उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर, पंकज ठाकुर, पुष्पेंद्र ठाकुर, महासचिव गोपाल ठाकुर, सचिव विकास ठाकुर, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, ऑडिटर पवन कुमार, जयप्रकाश, संगठन सचिव महेश कुमार भण्डारी व दीपक कुमार को चुना गया। चुनाव सभा संरक्षक के देखरेख में सम्पन्न हुआ। संरक्षक द्वारा कमेटी को आगामी पांच वर्ष के लिए समाज व सभा के प्रति निष्पक्ष व अच्छा कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पूर्व कमेटी का विदाई समारोह भी किया गया। इसमें पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह व पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत कुमार को अंग वस्त्र व पुष्प माला पहनाकर उनके कार्यों की सराहना की गई।

दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान

प्रवचन देते स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी।

काशीपुर : स्वामी श्री हरिचैतन्य पुरी महाराज ने ग्राम गढ़ीनेगी स्थित श्री हरि कृपा धाम आश्रम में प्रवचन दिए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान प्राप्ति को लक्ष्य कभी नहीं बनाना चाहिए, वरना कितना भी सम्मान प्राप्त होने के बावजूद थोड़े से कहीं से न मिला तो क्षुब्ध ही रहेंगे। हर कार्य सोच समझ कर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान होता है। यदि दूसरा हमें नुकसान पहुंचाए तो हम बचाव की स्थिति अपनाएं, आक्रामक दृष्टि न होने दें। वहीं प्रवचन के दौरान हरिबोल की धुन पर सभी भक्तजन झूमते नजर आए। इस दौरान पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, सांसद प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, इंटर कॉलेज करनपुर के प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

नो एंट्री में घुसे ट्रक ने कार को मारी टक्कर

बाजपुर : नो इंट्री में घुसे ट्रक चालक ने कार को टक्कर मार दी। इसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चालक बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने आरोपित के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। ग्राम रेंहटा बन्नाखेड़ा निवासी गुरविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि 4 जून को दोपहर बाद करीब ढाई बजे वह अपनी कार से दादाजी की मेडिकल रिपोर्ट लेने के लिए बाजपुर आ रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह रामराज रोड पर पहुंचा तो पास से गुजर रहे 22 पहिया ट्रक ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

बाइक फिसलने से युवक घायल

बाजपुर : मंगलवार की देर रात्रि गूलरभोज गदरपुर निवासी राजवीर (25) बाइक पर हरिद्वार से गदरपुर की ओर जा रहा था। कोसी कांटा के समीप बाइक सड़क पर अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे राजवीर बाइक से उछलकर काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

बर्खास्त सीआरपीएफ जवान को पुनः ड्यूटी दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगे थे

ठगी का आरोपी बरेली से किया गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बर्खास्त चल रहे सीआरपीएफ जवान को पुनः ड्यूटी दिलवाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। नामजद आरोपी को कोर्ट से जारी वारंट के बाद पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी नीतू अग्रवाल पत्नी राजेश अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सीआरपीएफ में तैनात था। 21 अप्रैल 2021 को ड्यूटी पर सीनियर कमांडर से अभद्रता करने के चलते 30 नवंबर 2021 को उसे बर्खास्त कर दिया था।

बाजपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

अचानक भाई के दोस्त संतोष राम का फोन आया, उसने कहा कि मैं तुम्हारे भाई को दुबारा ड्यूटी दिलवा दूंगा, लेकिन इसमें करीब 25 लाख रुपये का खर्चा आएगा। इसमें पहले एक लाख रुपये नकद लिए। उसके बाद फिर 2 लाख रुपये नकद लिए और ऐसा करते-करते 200 बार अपने खाते 32 लाख रुपये डलवा लिए। इसी टेंशन में उसके भाई आदेश कुमार की मौत भी हो गई। संतोष राम द्वारा अब पैसे नहीं लौटाए जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया था। तफ्तीश के दौरान बैंक मैनेजर के बयानों के आधार पर आरोपी संतोष राम निवासी बराओं पोस्ट बराओं थाना नोखा जिला रोहतास बिहार के विरुद्ध अपराध साबित हुआ। पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद आरोपी को विवेचना में सहयोग करने के लिए कहा गया तथा धारा 41 (क) सीआरपीसी के नोटिस देने की बात कही, परंतु वह मुकदमे से बचता रहा। 4 जून को उसे बरेली बाइपास चौक से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित ने 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की बात स्वीकार कर ली है।

नौकरी का झांसा देकर लाखों हड़पे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : यूपी संभल के रहने वाले बेरोजगार युवकों ने एक युवक पर नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम भिरावती संभल के रहने वाले नेक पाल ने बताया कि वह नौकरी की तैयारी कर रहा है। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसे मार्केटिंग में नौकरी दिलाने की बात कही और बताया कि आठ घंटे की ड्यूटी करने पर 18 हजार रुपये सैलरी मिलेगी। इसे सुनकर गांव के कुछ युवक भी तैयार हो गए। आरोप था कि युवक ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर सभी बेरोजगारों से 54 हजार के हिसाब से 2.70 लाख का

एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित बेरोजगार युवक। ● अमृत विचार

भुगतान करवा लिया और रुद्रपुर लाकर एक कमरे में रहने खाने की व्यवस्था कर दी। बताया कि छह माह तक 18 हजार, छह माह बाद 50 हजार और एक साल बाद एक लाख रुपये सैलरी मिलेगी। आरोप था कि दो माह काम करने के बाद कोई सैलरी नहीं दी और पैसा भी वापस नहीं किया, जबकि शैक्षिक वास्तविक दस्तावेज भी नहीं लौटाए। इस कारण कई भर्तियों में वह प्रतिभाग करने में वंचित रह गए। आरोप था कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई की। जिस पर पीड़ित युवकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

मुकदमा दर्ज न होने पर चौकी पर दिया धरना

एक जून को दी थी मारपीट मामले की तहरीर, अब तक मुकदमा दर्ज न होने से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

आक्रोश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं करने पर फिरोजपुर के नाराज ग्रामीण प्रतापपुर चौकी के बाहर धरने पर बैठ गए। बड़ी संख्या में धरने पर बैठे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते पांच दिनों से पुलिस पीड़ित के परिजनों को टहला रही है। तीन घंटे तक धरने के चलने के बाद पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

बुधवार को प्रतापपुर चौकी के बाहर धरने पर बैठी फिरोजपुर निवासी संतरा देवी ने बताया कि उसके पुत्र अशोक कुमार की प्रतापपुर चौराहे पर कार वाशिंग की दुकान है। आरोप लगाया कि

प्रतापपुर चौकी के बाहर मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

एक जून को अशोक एक वाहन की धुलाई के लिए पड़ोस के ही युवकों से वाहन की चाबी लेने गया था। चाबी देने के दौरान युवक ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। इसके बाद उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कहा कि उसके पुत्र की हालत काफी गंभीर है। बावजूद इसके पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को तैयार नहीं है। उन्होंने पुलिस पर तहरीर में बार-बार बदलाव कराने का भी आरोप लगाया है।

कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि दो जून को पीड़ित के परिजनों ने फोन के माध्यम से सूचना दी थी। इसके बाद चौकी पर मौजूद पुलिस ने लिखित तहरीर देने को कहा था। बुधवार को लिखित तहरीर पुलिस को दी गई। इसके आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। इस दौरान युवक के परिजनों के साथ, दर्जनों लोग एवं समाजसेवी गगन कांबोज, रवि पाल, जय सिंह गौतम, प्रियंका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

शक्तिफार्म के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

खटीमा: शक्तिफार्म से विरिया मझोला आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

मंगलवार को राजनगर नम्बर तीन शक्ति फार्म निवासी हरिपद (32) अपने ममेरे भाई राजकुमार सहित गांव के अन्य दोस्तों के साथ बाइक से बिरिया मझोला स्थित एक झरने में नहाने आए थे। इसी दौरान हरिपद ने नहाने से मना कर दिया और वहीं पेड़ के पास बाइक खड़ी कर बैठ गया। जबकि अन्य साथी झरने में नहाने चले गए। कुछ देर बाद जब सभी नहा कर वापस आए तो उसे अचेतावस्था में देखकर बाइक से गांव तक लाए फिर 108 से उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया और बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक इलेक्ट्रीशियन का काम करता था और वह तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था।

पुलिस की पकड़ से दूर है बाबा का हत्यारोपी शूटर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : करीब ढाई माह का समय बीत जाने के बाद भी बाबा तरसेम सिंह का हत्यारा पुलिस की पकड़ से कोसो दूर है। इसको लेकर पुलिस कई हथकंडे अपना चुकी है।

फरार सर्वजीत सिंह।

बावजूद इस के फरार शूटर पर दबाव नहीं बना पाई। ऐसे में अब पुलिस शूटर के घर की कुर्की की दिशा में कार्रवाई कर रही है।

28 मार्च की सुबह सात बजे नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सनसनीखेज हत्याकांड में ग्राम सिहोरा बिलासपुर निवासी अमरजीत सिंह और पंजाब के तरनतारन के रहने वाले सर्वजीत सिंह का नाम सामने आया था। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों शूटर सहित पांच लोगों के खिलाफ

कार्रवाई

- नोटिस चस्पा करने के बाद भी पुलिस नहीं बना पाई दबाव
- पुलिस कर जल्द सकती है कुर्की की कार्रवाई

हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। नौ अप्रैल को बाबा के हत्यारे अमरजीत सिंह को हरिद्वार और कुमाऊं एसटीएफ ने एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया, जबकि फरार सर्वजीत की तलाश की। बावजूद इसके फरार शूटर पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। इसके बाद पुलिस ने पंजाब जाकर आरोपी के घर 81 का नोटिस चस्पा कर आरोपी को न्यायालय में आत्मसमर्पण की मुनादी कराई, लेकिन आरोपी ने अपनी कोई दस्तक नहीं दी। बाबा की हत्या को आज ढाई माह का समय हो चुका है, लेकिन एसआईटी व गठित पुलिस की टीमें शूटर के ठिकाने का कोई सुराग नहीं लगा पाई। जिसके बाद अब पुलिस कुर्की की दिशा में कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

एक आरोपी को दबोचा, बाकी की तलाश में निकली एसओजी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 30 मई की रात्रि को बाइक लूट के बदमाशों को दबोचने के लिए निकली एसओजी के सिपाहियों पर कार चढ़ाने के प्रयास प्रकरण में एसओजी ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है, जबकि चर्चा यह है कि एसओजी ने कार सवार एक बदमाश को दबोच लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है, लेकिन पुलिस अनभिज्ञता जता रही है।

30 मई की रात्रि एसओजी के दरोगा सुरेंद्र रिंगवाल को खबर मिली थी कि दिनेशपुर इलाके में कार सवार बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने

तफ्तीश

- मतगणना के बाद बदमाशों पर किया फोकस
- सिपाहियों को रौंदने के प्रयास का मामला

की फिराक में हैं। इसको लेकर एसओजी ने भुरारानी-दिनेशपुर मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू कर दी थी। इसी दौरान एक इको स्पोर्ट्स कार सवार बदमाशों को जब रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने एसओजी के सिपाहियों को कार से रौंदने का प्रयास किया। इसमें हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय चोटिल हो गया था और काफी दूर तक पीछा करने के बाद बदमाश रेलवे स्टेशन के समीप कार छोड़ कर फरार हो गए।

मामले में दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जबकि चर्चा यह भी है कि एसओजी ने कार सवार एक बदमाश को दबोच लिया है और पूछताछ कर रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव मतगणना आने के कारण एसओजी की जांच थम गई थी। इसके बाद अब एसओजी की दो टीम बिलासपुर के लिए रवाना हो गईं, क्योंकि कार सवार एक बदमाश जसकरन बिलासपुर का रहने वाला है। एसओजी का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला

बाजपुर: पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घेरकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। मुड़िया पिस्तौर निवासी शाहरूख ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले वह मुड़िया के मैदान में खेल रहा था। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे मोहल्ले के ही एक युवक ने अपने 9-10 अन्य साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। अन्य लोगों को एकत्र होता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कुछ गणमान्य लोगों ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा तीन वर्ष पूर्व सितारगंज में हुई दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति पर दोष सिद्ध होने पर सात वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

बरूआबाग थाना सितारगंज निवासी कंचन देवी ने सितारगंज थाने में 13 अगस्त 2021 दी गई तहरीर में कहा था कि उसकी पुत्री राश्मी उर्फ रूबी का विवाह वर्ष 2018 में अनिल सक्सेना निवासी बरूआबाग से हुआ था। यह भी आरोप है कि शादी के बाद से ही अनिल सक्सेना दहेज के लिए उसकी पुत्री का उत्पीड़न व मारपीट करता था। यह भी कहा है कि 10 व 11 अगस्त 2021 को उसकी पुत्री के पति ने दहेज की खातिर मारपीट कर जहर देकर हत्या कर दी। अभियोजन अपर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ ओझा ने इस मामले में दोनों पक्षों के 11 गवाह पेश किए। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मृतका के आरोपी पति अनिल सक्सेना पुत्र ओम प्रकाश को अपराध 304बी में दोष करार देते हुए सात वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रूपये के अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

चेक बाउंस का आरोपी साक्ष्यों के अभाव में बरी

काशीपुर : चेक बाउंस के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। आनंद विहार कॉलोनी निवासी पवन कुमार छाबड़ा ने विशालनगर कॉलोनी निवासी निर्मल कुमार के खिलाफ कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि जरुरत पड़ने पर उसने एक मई 2019 को उससे दो लाख रुपये की रकम उधार ली थी। रकम वापस मांगने पर निर्मल से उसे दो लाख रुपये का चेक दिया। जो उसने 11 फरवरी, 2020 को काशीपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक की शाखा के खाते में लगाया। यह चेक बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी निर्मल को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर द्वितीय एसीजे चेतन सिंह गौतम ने आरोपी निर्मल को दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता सोनू चंद्रा ने की।

मामा-भांजे को घायल करने के आरोपी कार चालक पर मुकदमा

काशीपुर: सड़क हादसे में मामा-भांजे को घायल करने के आरोप में पुलिस ने कार चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ घायल भांजे के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। खड़कपुर देवीपुरा निवासी राजेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार को उनका पुत्र राहुल व साला सुधीर अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे। तभी चैती चौराहे के पास एक कार चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार दोनों मामा-भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए। सुधीर की बायीं टांग की हड्डी और कूल्हा भी टूट गया है। इस दौरान उनकी जेब में रखे मोबाइल व 70 हजार रुपये भी कहीं गिर गए।

चिंताजनक तराई में इस साल अमरूद के पेड़ों में फैली बीमारी, पंत विवि भेजा कीड़ों का सैंपल

अमरूद के पेड़ सूखने पर किसान चिंतित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: तराई में इस साल अमरूद के पेड़ों में फैली एक बीमारी से फलदार पेड़ सूखने की कगार पर हैं। पेड़ों के सूखने के चलते उद्यान विभाग और काश्तकारों को हैरत में डाल दिया है। काश्तकारों के पेड़ों पर लगे कीड़ों के सैंपल के जीबी पंत विश्वविद्यालय भेजे हैं। जिस पर विवि के वैज्ञानिकों ने काश्तकारों को समय पर दवा का छिड़काव करने की सलाह दी है।

काशीपुर के 40 से अधिक एकड़ में अमरूद की पैदावार होती है। वहीं इस साल अधिक गर्मी के चलते ग्राम कुंडेश्वरी और लोहिया पुल क्षेत्र में अमरूद के पेड़ों पर एक बीमारी लगी है। जिसमें अमरूद के पेड़ सूखने लगे हैं। यह बीमारी अमरूद में जड़ से शुरू होकर पूरे पेड़ को सूखा दे रही है। इस दौरान पेड़ों

बीमारी के बाद अमरूद का सूखा पेड़ दिखाता किसान। ● अमृत विचार

> पेड़ सूखने की बीमारी का पता लैब में जांच के बाद ही पता चल सकेगा। कभी-कभी रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से भी पेड़ सूख जाते है। फिलहाल जांच के बाद ही किसानों को सही दवा के प्रयोग के लिए सलाह दी जा सकती है।
> -**जगदीश तिवारी**, वरिष्ठ निरीक्षक, उद्यान विभाग काशीपुर

पर छोटे-छोटे कीड़े भी लगे हैं। जिसने काश्तकारों की चिंता बढ़ा दी है। काश्तकारों ने इन कीड़ों व सूखे पेड़ के सैंपल जीबी पंत विश्वविद्यालय जांच के लिए भेजे है। जिसके बाद वैज्ञानिकों ने उन्हे कुछ आवश्यक दवाओं का छिड़काव करने की सलाह दी है।

उधर, अमरूद के पेड़ में लगी बीमारी की जांच भी की जा रही है। इससे किसानों का काफी नुकसान हो गया है।

अब तक 18 एकड़ में लग चुकी है बीमारी

काशीपुर : काशीपुर के कुंडेश्वरी के किसान यस चौधरी ने बताया कि उनके अब तक 14 एकड़ के बगीचे में इस बीमारी से पेड़ सूख रहे हैं। वहीं लोहिया पुल लोहरा फार्म के किसान जगत सिंह ने बताया कि उनके अब तक चार एकड़ के बगीचे में इस बीमारी ने पेड़ों का सूखा दिया हैं। दोनों ने बताया कि वह वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई दवा का छिड़काव कर अन्य पेड़ों पर इस बीमारी के लगने से बचाव में लगे है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

किच्छा: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में बरेली से लालकुआं जा रही ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के निकट बुधवार की सुबह करीब 11 बजे बरेली से लालकुआं जा रही ट्रेन की चपेट में एक युवक आ गया। घटना के बाद पहुंचे तमाम लोग युवक को नगर स्थित सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 16, नई बस्ती विकास कॉलोनी, कोतवाली किच्छा निवासी 39 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र विद्याराम के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। परिजनों ने प्रदीप की मौत के लिए अवैध शराब बिक्री को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कोतवाली पुलिस से नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

रुद्रपुर में वन विभाग के साथ संजय वन में पौधरोपण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म के टैगोर नगर मे लोगों को चंदन के पौधे वितरित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

पर्यावरण दिवस पर धरा को हरा-भरा करने का संकल्प

जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने किया पौधरोपण का आह्वान, विधायक शिव अरोरा ने संजय वन के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव मांगा

कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर राजनीतिक दलों के अलावा सामाजिक एवं पर्यावरण प्रेमियों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का आह्वान किया।

बुधवार को विधायक शिव अरोरा संजय वन पहुंचे। जहां उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया और स्वीकृत 25 लाख के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संजय वन के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए। ताकि सांसद अजय भट्ट को सौंपा जाए, क्योंकि यह प्रोजेक्ट सांसद का ही है। इस मौके पर एसडीओ राहुल मेहता, रेजर राम नारायण गौतम, दीवान सिंह रौतेला, दरोगा सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं पर्यावरण प्रेमी भारत भूषण चुघ ने अपनी टीम के साथ ओमेक्स समिति के साथ कॉलोनी के पार्क में छाया व फलदार पौधे लगाए। इस मौके पर जितेंद्र साहनी, नव्या चुघ, राजेंद्र गिरधर, गौरव ग्रोवर, रजत मोंगिया, विशाल जुनेजा, भुवन पांडे, विशेष कुमार, नरेश कुमार, पुनीत आनंद, विहान लांबा, सार्थक गौड़ आदि मौजूद रहे। उधर, निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने अपनी टीम के साथ फुलसुंगा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने एलायंस कॉलोनी, जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश अरोरा ने शिक्षकों के साथ पौधरोपण किया। वहीं निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, राजू नबियाल, सीएमओ मनोज शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग प्रकाश पांडेय, डॉ. आशुतोष, संजय ठुकराल आदि ने सिडकुल ढाल इलाके में स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़ा कचरा एकत्र किया।

रुद्रपुर में पौधरोपण करते पर्यावरण प्रेमी। ● अमृत विचार

जसपुर में पौधरोपण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य। ● अमृत विचार

जसपुर के न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया

जसपुर : विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जसपुर के सदस्यों द्वारा न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पीएलबी डॉ. बीएस गौतम ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एडवोकेट राजवीर सिंह, एडवोकेट अनिल जोशी, आदेश कुमार, जितेंद्र कुमार, लता देवी, मुनेश कुमारी, संगीता रानी, कपिल, मनोज आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी के भरतपुर स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर में पौधरोपण करते ग्रामीण।

नानकमत्ता में पर्यावरण दिवस के महत्व की जानकारी दी

नानकमत्ता : विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और क़ुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे बहुत अमूल्य हैं। इस मौके पर स. चरनजीत सिंह, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. नीतू, पंकज सिंह बोहरा, मनोज कुमार, आरती राणा, पूनम, कामिनी राणा, प्रिया थापा, वर्षा सक्सेना, प्रगति राणा, दुर्गानाथ गोस्वामी आदि शामिल थे।

नानकमत्ता में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म में चंदन के 400 पौधे बांटे गए

शक्तिफार्म : विश्व पर्यावरण दिवस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और भाजयुमो के शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष सुबीर सरकार ने चंदन के 400 पौधे बांटे। टैगोर नगर दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि बढ़ती गर्मी का प्रमुख कारण वृक्षों का कम होना है। हर महीने ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों को अपने-अपने गांव में पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, योगेंद्र सिंह रावत, कार्तिक राय, भाजयुमो अध्यक्ष सुबीर सरकार, पूर्व प्रधान भारती सरकार, विजय बागला, देबू मंडल, सुनील विश्वास, अशोक सरकार, मयंक अग्रवाल, रवि मजुमदार, राघव सिंह आदि मौजूद थे।

पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस के महत्व की जानकारी दी

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर कामेश्वर महादेव मंदिर में विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रेट मदर टेरेसा हायर सेकेंड्री स्कूल की ओर से बुधवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, आंगनबाड़ी के कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मंदिर परिसर में पूर्व उपप्रधान शेर सिंह कोरंगा, कविदत्त पाण्डे, राजकीय ठेकेदार प्रकाश सिंह बोरा व ग्रेट मदर टेरेसा स्कूल के प्रबंधक गणेश चंद ने प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा के साथ सामूहिक रूप से पौधे लगाए।

सार-संक्षेप

पंतनगर के सीआरसी में पौधरोपण करते कैडेट। ● अमृत विचार

पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

पंतनगर : विश्व पर्यावरण दिवस पर पंतनगर विवि में राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् और पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से पौधरोपण कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यवाहक कुलपति डॉ. अल्का गोयल, डीन सीबीएसएच डॉ. संदीप अरोरा, पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आरके श्रीवास्तव, एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. वीर सिंह व डॉ. श्वेता सारस्वत आदि ने विद्यार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। वहीं वन यूके एयर स्क्वाड्रन पंतनगर के फ्लाइट कैडेटों ने सीआरसी में विभिन्न पौधों का रोपण किया। सीआरसी प्रभारी डॉ. एसके वर्मा, फ्लाइंग ऑफीसर डॉ. अजीत प्रताप सिंह मौजूद रहे।

किच्छा में पौधरोपण करते इम्पार्ट संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

इम्पार्ट संस्था ने पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

किच्छा : स्वयंसेवी संस्था इम्पार्ट ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। किशनपुर स्थित स्वयंसेवी संस्था इम्पार्ट की सचिव डॉ. इंदिरा मिश्रा के नेतृत्व में तमाम लोगों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह, चंद्र तेज सिंह, कृष्ण कुमार मौर्य, आकाश कुमार, मनीषा रानी, उषा रानी, अजय गंगवार आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में जागरूकता रैली निकालते नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी।

नगर निगम कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

काशीपुर : काशीपुर नगर निगम ने विश्व पर्यावरण के अवसर पर नगर निगम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान नगर आयुक्त विवेक राय के नेतृत्व में पंत पार्क में समस्त महिला स्वयं सहायता समूह व नगर निगम स्टाफ के साथ पौधा रोपण किया गया। साथ ही नगर निगम सभागार में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर उपनगर आयुक्त रोहताश शर्मा, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल व कर अधीक्षक अनुपमा भट्ट आदि उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम ने शहर में जनजागरूकता रैली निकाली।

डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी पेंटिंग के साथ बच्चे।

खटीमा के लालकोठी चौकी पर पौधरोपण करते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

खटीमा में भी हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विश्व पर्यावरण दिवस पर डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म की 78 यूके बटालियन के कैडेटों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू उपस्थित रहे।

अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने शारदा नहर लालकोठी में प्लास्टिक चैलेंज के तहत सफाई अभियान चलाया और एनसीसी कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल को आग से बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सहायक एनसीसी अधिकारी दिनेश चन्द्र चिल्कोटी, पीटीआई दीपक भट्ट, संदीप कुशवाहा सहित वनकर्मी आदि थे।

आयोजन

- कैडेटों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं
- प्लास्टिक चैलेंज के तहत सफाई अभियान चलाया

भारत विकास परिषद् द्वारा मुक्ति धाम में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रकल्प संयोजक जगदीश चंद्र पांडे, अध्यक्ष सुनील रैदानी, हरीश जोशी, हरीश शर्मा, विशाल गोयल, नीरज खन्ना, सचिव नीरज रस्तोगी, अचल शर्मा, नीरज वर्मा, दीपक बत्रा, संजय कपूर, दीपचंद्र खर्कवाल आदि थे। इधर हेमवतीनंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस हिमांशु भट्ट, अभय प्रताप, विपिन गिरी, रोशन चंद, विनय महराना, पियूष दुग्ताल आदि थे।

जीआईसी चारुबेटा के ईको क्लब प्रभारी रावेंद्र कुमार रवि द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अंजली नेगी प्रथम और पल्लवी सागर द्वितीय, स्लोगन प्रतियोगिता जूनियर में अनिकेत प्रथम और सुनैना ने द्वितीय सीनियर वर्ग में लक्ष्मी प्रथम और प्रिया द्वितीय तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रितेश कुमार प्रथम और गुनगुन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंत में पौधारोपण किया गया। 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने लालकोठी चौकी पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण किया। इस अवसर पर बालकृष्ण, मुकेश भट्ट, नागेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, गौरव, सुनुल कुमार, शिवानंद भट्ट, विवेक कुमार आदि थे।

विभिन्न संगठनों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण के कंपाउंड में सहायक निर्देशक निलेश कुमार तथा कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। इसके साथ ही शिवालिक होली माउंट पब्लिक स्कूल में एडमिनिस्ट्रेशन प्रशासक भरत सिंह बिष्ट व स्कूल के एकेडमिक प्रशासक प्रदीप सिंह बिष्ट ने विद्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम किया। काशीपुर बार एसोसिएशन ने एसडीएम कोर्ट प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इसमें एसडीएम काशीपुर जिला व सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज दीप्ति पंत, सिविल जज चेतन गौतम, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार सहित अवधेश चौबे, नृपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा उपसचिव सूरज कुमार कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल बल, अर्पित सौदा मौजूद रहे।

पौधरोपण करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

बदलते परिवेश में पर्यावरण बचाना अत्यंत आवश्यक

काशीपुर : मुरादाबाद रोड स्थित नैनी पेपर मिल में कंपनी के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल व निदेशक सुधाकर पांडेय ने मिल परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पर्यावरण बचाना अत्यंत आवश्यक है।

उत्साह

बाजपुर में सफाई अभियान चलाया, पौधरोपण के साथ विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

पोस्टर प्रतियोगिता में अवनीत कौर प्रथम, निबंध में उजमा ने मारी बाजी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को प्रधानाचार्य मीता बोस के निर्देशन में विद्यालय परिसर मे लगे पेड़ों में पानी डाला तथा कुछ नए पौधे लगाए।

इस मौके पर परमजीत कौर, सुनीता डोभाल, सरिता, पूजा अग्रवाल, प्रीति मौजूद रहीं। इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य एसपी सिंह की अगुवाई में एनसीसी कैडेट्स की सीनियर व जूनियर डिवीजन ने परिसर की साफ सफाई कर पौधे लगाए। इस मौके पर एनसीसी एएनओ लेफ्टीनेंट रविंदर सिंह, रोहित, सुरेन्द्र कंबोज, रविन्दर चौहान, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर कैम्पस में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अनिल कौशिक, रवि सिंह उपस्थित रहे। चीनी मिल बाजपुर में सेवा चेरिटेबिल ब्लड बैक के निदेशक डॉ. सतीश दीक्षित, चीनी मिल के महाप्रबंधक हरवीर सिंह, समाजसेवी सौरभ परमार की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। बरहैनी नर्सरी में वन विभाग के साथ किया पौधरोपण और विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर समाजसेवी वीरेंद्र सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान संदीप कुमार, वन अधिकारी प्रदीप असगोला, शेर सिंह बोरा, दीपक नेगी, अमित मेहरा आदि उपस्थित रहे।

नगरपालिका परिषद बाजपुर की ओर से न्यायालय एवं उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में न्यायाधीश सांची अग्रवाल एवं सुमन भंडारी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास ने नगरपालिका परिसर एवं अंबेडकर पार्क में पालिका कर्मचारियों के सहयोग से पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। प्रभारी सफाई निरीक्षक राजू पांडे की अगुवाई में वार्ड नंबर-11 में प्राइमरी स्तर के बच्चों के साथ रैली निकाली गई। वहीं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, स्लोगन, कविता पाठ, पोस्टर आदि की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में अवनीत कौर प्रथम, नाजिस द्वितीय एवं फरीदा बानो तृतीय स्थान पर रही। साइंस माडल प्रतियोगिता में नीतू प्रथम, कोमल कंबोज द्वितीय व नेहा तृतीय स्थान पर रही। निबंध में उजमा ने बाजी मारी तथा सिमरन शेख द्वितीय एवं प्राची चंद्रा तृतीय स्थान पर रही।

पीएमश्री जीजीआईसी बाजपुर में पौधो को जल संरक्षण देतीं अध्यापिकाएं व बच्चे।

चीनी मिल में पौधरोपण करते सेवा चेरिटेबिल ब्लड बैंक के निदेशक व अन्य अधिकारी।

लिटिल चैंपियन स्कूल में पौधरोपण करते प्रबंधक तरुण कुमार सिंह व अन्य।

लिटिल चैंपियन स्कूल में गोष्ठी से किया जागरूक

दिनेशपुर : विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर में आयोजित गोष्ठी में प्रबंधक तरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रदूषण को रोकने के लिए लोगों को एक वृक्ष लगाना जरूरी है। महिला समाजसेवी हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य अपने भौतिक सुख के लिए पर्यावरण से खिलवाड़ कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी ने की। संचालन मीना सामान्त व रीतु बहुगुणा ने किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य कंचन कुनियाल, प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, अनिल रौतेला, विपिन जोशी, अन्नु गुलाटी, चंद्रा रौतेला, विजय लक्ष्मी, विजय सिंह सामंत, बलवंत सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, खोकन सरकार, गोविंद सिंह कोरंगा, गोपाल सिंह पपोला, राम सिंह कोरंगा आदि सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे।

हाइड्रो परियोजना निर्माण में विस्फोट करने से गिरा बोल्डर, मकान ध्वस्त

बाल-बाल बचा परिवार, हाइड्रो परियोजना निर्माण में विस्फोटकों के प्रयोग का आरोप

▸▸ ग्रामीणों ने मामले की जांच की मांग की, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : सरयू नदी में खातासेरा में हो रहे हाइड्रो परियोजना निर्माण में विस्फोटकों का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे आसपास की पहाड़ियां दरक रही हैं। बीती रात्रि अचानक जोगापाणी चट्टान से बोल्डर गिरने लगे। एक बोल्डर आवासीय मकान में गिर गया जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से उस वक्त मकान में कोई नहीं था। जिससे हादसा टल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके को रवाना हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि बागेश्वर व पिथौरागढ़ की सीमा खातासेरा कठानी के पास इन दिनों डैम का निर्माण किया जा रहा है। बताया कि डैम कंपनी के लोग हमेशा ग्रामीणों को धमकाते हैं और शासन- प्रशासन में अपनी पहुंच बताते हैं। कहा कि कंपनी द्वारा नियमित रूप से विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किया जाता है। मंगलवार को भी वहां दिन में कई बार विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किया गया। जिससे चट्टान दरक रही है। बताया कि बीती रात्रि लगभग दस बजे बोहाला ग्रामसभा के कठानी में राजन सिंह मेहता पुत्र गोविंद सिंह अपने मकान में बैठकर वार्ता कर रहे थे तभी पहाड़ी से एक बोल्डर उनके दूसरे मकान में आ गिरा। बताया कि उस वक्त यदि राजन सिंह मेहता का परिवार सोया नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बोल्डर गिरने से आवासीय मकान की लिंटर की छत टूट गई तथा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। राजन सिंह मेहता ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान पूरन असवाल व क्षेत्रीय पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा को दी। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह तहसीलदार दलीप सिंह व भू वैज्ञानिक सुनील दत्त ने गांव का दौरा किया तथा ग्रामीणों से वार्ता की। प्रशासन को भू वैज्ञानिक की टीम का रिपोर्ट का इंतजार है।

पहाड़ी से बोल्डर गिरने से ध्वस्त मकान को देखते तहसीलदार। ● अमृत विचार

सूचना मिलने के बाद घटनास्थल का दौरा किया। अध्ययन के बाद रिपोर्ट बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने डैम निर्माण में विस्फोटक सामग्री के उपयोग के बाद पहाड़ी दरकने की शिकायत की है। इस एंगल से भी जांच की जा रही है।
– **सुनील दत्त**, भूगर्भ अधिकारी बागेश्वर

रात भर चैन से सो नहीं पाए ग्रामीण

बागेश्वर। कठानी में रात में पहाड़ी दरकने से गिरे बोल्डर से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राजन सिंह के मकान में बोल्डर गिरने के बाद राजन सिंह समेत आसपास के ग्रामीण अन्य मोहल्ले में गए तथा अन्य परिवारों के यहां रात गुजारी।

मकान में बोल्डर गिरने की सूचना के बाद तहसीलदार व भूगर्भ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। वे जांच करके रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। प्रभावित परिवार को मुआवजा प्रदान किया जा रहा है।
–**मोनिका**, उपजिलाधिकारी बागेश्वर।

म्यांमार में फंसे युवकों को बचाने की लगाई गुहार

संवाददाता, बनबसा

▸▸ बनबसा क्षेत्र के तीन युवकों के परिजनों ने शासन- प्रशासन से उन्हें छुड़ाने की मांग की

▸▸ म्यांमार में फंसे एक युवक ने अपने पिता को ऑडियो मैसेज भेजकर बताई परेशानी

अमृत विचार : म्यांमार में फंसे बनबसा क्षेत्र के तीन युवकों के परिजनों ने शासन और प्रशासन से उन्हें बचाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुदमी के भैसाझाला निवासी ललित सौन पुत्र गजेंद्र सौन, विकास सिंह पुत्र प्रेम सिंह और ग्रामसभा बनबसा के चंद फार्म निवासी कमलेश सिंह पुत्र विनोद सिंह बीते 21 मई को रोजगार के लिए बैंकॉक के लिए गए थे। लेकिन कुछ दिन पूर्व ललित सौन ने अपने पिता गजेंद्र सौन को ऑडियो मैसेज भेजकर बताया कि वह म्यांमार (बर्मा) में फंसे हैं और उनके साथ वहां अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। ललित सौन ने अपने पिता गजेंद्र सौन से उन्हें बचाने की गुहार लगाई है। गजेंद्र सौन ने बताया कि उनके पुत्र ललित सौन ने उन्हें ऑडियो भेजकर बताया कि वह किसी चाइनीज कंपनी में कार्यरत हैं। उक्त कंपनी द्वारा उन्हें बंधक बनाकर जबरन स्कैमिंग (साइबर फ्रॉड) करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। ऑडियो में ललित सौन ने उसके साथ कई और भारतीय युवकों को भी बंधक बनाने की बात कही है। इस संबंध में सीओ टनकपुर शिवराज सिंह राणा ने बताया कि बनबसा क्षेत्र के तीन युवकों के म्यांमार में फंसे होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा युवकों के रेस्क्यू के लिए विदेश मंत्रालय और म्यांमार में भारतीय दूतावास में संपर्क किया जा रहा है।

अतिवृष्टि से टूटी सुरक्षा दीवार को बनाने की मांग

अल्मोड़ा : बीते चार जून को चौखुटिया के पीपलधार और टटलगांव में सुरक्षा दीवार गिरने से दो मकानों को खतरा पैदा हो गया है। गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि पीलधार गांव निवासी वृद्धा भगवती देवी के घर के आंगन की सुरक्षा दीवार बीते दिनों हुई बारिश में टूट गई है। जिससे उनके मकान को खतरा पैदा हो गया है। जबकि टटलगांव में भी वीर सिंह रावत के मकान की सुरक्षा दीवार पूरी तरह ढह गई है। उन्होंने संबंधित राजस्व कर्मियों को इस संबंध में जानकारी दी है और शीघ्र दीवार की मरम्मत कराने की मांग की है।

सार-संक्षेप

लाहूरघाटी की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले ग्रामीण

बागेश्वर। लाहूरघाटी की समस्याओं के निदान की मांग को लेकर लाहूर घाटी विकास मंच ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही कहा है कि यदि 26 जून तक उनकी समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। मंच के अध्यक्ष व सचिव ने बुधवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल से मुलाकात की। उन्होंने सोराग से भगदानू मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण किए जाने, मोटरमार्ग से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, पांडव स्थल को टेक मार्ग से जोड़ने, जूनियर हाईस्कूल जखेड़ा का उच्चीकरण करने, सुराग के लिए बनरही सड़क में नाली निर्माण कराने की मांग की। कहा कि कई बार उक्त समस्याओं के निदान की मांग को लेकर कई बार शासन व प्रशासन से अनुरोध किया गया परंतु हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। कहा कि यदि उक्त समस्याओं का निदान 26 जून तक नहीं किया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन में लाहूर घाटी के कई गांवों के ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर हैं।

सड़क हादसे के इक्कीस दिन बाद मिला शव

अल्मोड़ा : सीमांत जिले पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील में तवाघाट लिपुलेख नेशनल हाइवे में बीते 13 मई को हुए सड़क हादसे के 21 दिन बाद एक व्यक्ति का शव काली नदी से बरामद हुआ है। मंगलवार की देर शाम घटनास्थल से तीन किमी दूर काली नदी किनारे स्यांकूरी जाने वाले मार्ग में जीरो प्वाइंट के समीप एसएसबी के जवानों ने एक शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त बौन निवासी रमेश सिंह उर्फ मंगल सिंह (42) के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक रावत ने बताया कि उक्त व्यक्ति चैतुलधार में हुए हादसे के बाद से लापता चल रहा था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। रावत ने बताया कि अभी भी हादसे में लापता खाद्य पूर्ति निरीक्षक पुष्कर बोनाल का कहीं सुराग नहीं लग सका है।

बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक।

पूर्व सैनिकों ने भाजपा की जीत पर जताई खुशी

बनबसा : गौरव सेनानी कल्याण समिति ने उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा की जीत पर खुशी जताई। बैठक में समिति अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने कहा कि उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पांचों सीटों पर जीत हासिल कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व स्वीकार किया है। पूर्व सैनिकों के द्वारा पांचों सांसदों व भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, सचिव कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट, उपसचिव हवलदार पुष्कर दत्त कापड़ी, कोषाध्यक्ष कैप्टन चंद्रशेखर गहतोड़ी, कप्तान राजेंद्र सिंह अधिकारी, सूबेदार बुद्धिबल्लभ पांडे, कैप्टन पीएन जोशी, कैप्टन मोहन चंद कमांडो, कैप्टन गणेश पाल, सूबेदार देवी दत्त कपड़ी, कैप्टन प्रेमचंद, कैप्टन अमर सिंह मेहरा, सूबेदार मेजर कृष्णानंद बैज, हवलदार भोला दत्त भट्ट, हवलदार उमेश चंद्र भट्ट उपस्थित थे।

बकरियां चुराने घर में घुसे ग्रामीण, मालिक से की अभद्रता

बागेश्वर : काफलीगैर के मल्ला असों मल्लाकोट निवासी एक ग्रामीण ने दो लोगों पर बकरी चोरी के इरादे से घर में घुसने तथा विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया है। असों मल्लाकोट निवासी मोहन सिंह असवाल ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ असों मल्लाकोट में रहता है। उसके बच्चे बाहर नौकरी करते हैं। कहा कि बीती रात्रि लगभग 11 बजे बकरी चोरी करने के इरादे से कुंदन सिंह असवाल पुत्र लछम असवाल व भगवान सिंह असवाल पुत्र धन सिंह असवाल उसके घर आए और घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। जब उसे पता चला तो वह बाहर निकला जिस पर आरोपियों ने मकान पर पथराव किया और जान से मारने की धमकी दी। बाद में कहा कि रात में हुए हमले से वह घबरा गया तथा जंगल की ओर भाग गया। कहा कि वह सुबह ही जिला मुख्यालय आ गया है और उसका घर खुला तथा घर में 20 बकरियां भूखी प्यासी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच करने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

बागेश्वर। विश्व पर्यावरण दिवस जनपद में धूमधाम से मनाया गया। हालांकि आचार संहिता के चलते विशाल कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपितए किए। कार्यक्रम में जिला जज नरेंद्र दत्त, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिह, सिविल जज पुनीत कुमार समेत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, वृक्षप्रेमी किशन मलड़ा, विनोद भटट, गोविंद बल्लभ उपाध्याय आदि उपस्थित थे। वन विभाग ने धरमघर में गैल पातल महोत्सव मनाया गया जहां विभिन्न प्रजाति के 1001 पौधे लगाए। इस दौरान रेंजर प्रदीप कांडपाल, जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार समेत पत्रकार गोविंद मेहता, सीमा गस्याल आदि उपस्थित थे।

पौधरोपण करते सूचना अधिकारी व अन्य।

चिराग व ध्रुव की जोड़ी ने किया शानदार प्रदर्शन

▸▸ इंडिया क्लब यूएई इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : इंडिया क्लब यूएई ओपन इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में युवा अल्मोड़ा के शटलर चिराग सेन और ध्रुव रावत की जोड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का दोहरा खिताब अपने नाम किया है। दोनों की इस उपलब्धि पर उनके गृह क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।

उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि यूनाइटेड अरब अमीरात में बीते दो मई से दो जून तक आयोजित टूर्नामेंट में चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते पुरुष युगल में चिराग और ध्रुव रावत की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल मैच में यूएई के नैफल लिगो सौफीक और विल्डान शौलीह की जोड़ी को 17-21, 21-15, 21-18 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में दोनों की जोड़ी ने यूएई की जोड़ी को परास्त कर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया।

दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के चीफ पैटर्न अशोक कुमार, अध्यक्ष डा. अलकनंदा अशोक, राम अवतार, डीके सेन, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रघुनाथ सिंह चौहान, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बग्याल, डा. संतोष बिष्ट आदि ने खुशी जताई है।

गांवों में पेयजल संकट से लोग परेशान

▸▸ पेयजल मुहैया कराने के विभाग के दावे साबित हो रहे हैं हवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। पेयजल किल्लत की शिकायत ग्रामीण कई बार विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं। लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। मजबूरी में अब ग्रामीण दूरदराज के नौलों धारों से जैसे तैसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले डेढ़ महीने से पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश पेयजल योजनाएं सूख चुकी हैं या फिर तकनीकी खामी के कारण वह लोगों की पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रही हैं। जिले के पिल्खा, शीतलाखेत, चापड़, लमगड़ा, बनलेख, जैंती, गुरूड़ाबाज, कालीमठ, डीनापानी, मोनी, भेटुली, भानादेवली, सल्ला रौतेला, बल्टा, डोटियाल, मानिला, झिमार, पैंसिया, कालीगांव, जालीखान, मौलेखाल, हिनौला समेत अनेक इलाकों में पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। औपचारिकता के लिए सड़क मार्गों से लगे कस्बों में विभाग टैंकरों से पानी की आपूर्ति कर रहा है। लेकिन वह भी ग्रामीणों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण सिंह रावत ने कहा है कि विभाग के पास पेयजल मुहैया कराने के लिए पर्याप्त बजट होने के बाद भी विभाग ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर विभाग का यही रवैया रहा तो ग्रामीणों ने सहयोग से उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

चिलियानौला में एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप

रानीखेत, अमृत विचार : विगत एक सप्ताह से चिलियानौला नगर पालिका क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बंद पड़ी हुई है। जिसके चलते लोग पानी के लिए या तो महंगे टैंकर मंगा रहे हैं या दूर दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं। वही संबंधित विभाग इस विषय पर मौन साधे हुए हैं। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। गौरतलब है कि विगत दिनों क्षेत्र में आए तूफान से कई जगह पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। विद्युत आपूर्ति भंग होने से क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा पंपिंग स्टेशनों में विद्युत बहाल नहीं किए जाने से पंपिंग नहीं हो पा रही है। जिसके चलते यह समस्या पैदा हो गई है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार विगत मंगलवार को पंपिंग स्टेशनों में विद्युत बहाल कर दी गई। दोनों ही विभागों के नकारेपन के चलते क्षेत्र की जनता पेयजल को लेकर त्रस्त है। एक सप्ताह से क्षेत्र में पानी नहीं आने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के लिए ताड़ीखेत पंपिंग योजना व दूसरी तिपोला पंपिंग योजना है। अगर तिपोला लाइन में अवरोध है तो ताड़ीखेत योजना से पानी क्यों नहीं दिया जा रहा है। यह पूरी तरह से विभाग की लापरवाही है।

स्नातक में प्रवेश के लिए पोर्टल खोलने की मांग

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि के छात्रों ने विवि प्रशासन से स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए पोर्टल खोले जाने की मांग की है। छात्रों ने इस संबंध में कुलसचिव डा. डीएस बिष्ट के माध्यम से उच्च शिक्षा के अपर निदेशक को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि बीते 31 मई को समर्थ पोर्टल के बंद होने के बाद अब स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। जिस कारण कई छात्र छात्राएं आवेदन करने से वंचित रह गए हैं। छात्रों ने कहा है कि अगर फिर से पोर्टल को नहीं खोला गया तो कई छात्र छात्राएं स्नातक कक्षाओं में आवेदन करने से वंचित रह जाएंगे। इसलिए विवि प्रशासन को छात्रहित में शीघ्र पोर्टल को खोलना चाहिए। ज्ञापन में छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, भुप्पी कोरंगा, राजकमल जोशी, वीरेंद्र जोशी, विवेक, राहुल, सचिन, निखिल, दीपक आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

अल्मोड़ा में तेज अंधड़ से गिरा पोल, बिजली आपूर्ति हुई ठप

अल्मोड़ा : बुधवार को अल्मोड़ा में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बिगड़ गया। सुबह नगर में मौसम खिला हुआ था और तेज धूप पड़ रही थी। लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छाने लगे। शाम होने तक आसमान में काले बादल गहरा गए और करीब पांच बजे के आसपास तेज अंधड़ और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब बीस से पच्चीस मिनट तक अंधड़ जारी रहा। अंधड़ के कारण जाखनदेवी में सड़क किनारे लगा बिजली का पोल उखड़ गया और उसका ऊपरी हिस्सा पीतांबर होटल से लगे एक भवन पर जाकर अटक गया। पोल गिरने के दौरान वहां से गई वाहन गुजर रहे थे। संयोग से हादसा नहीं हुआ। आनन फानन में लोगों ने इसकी जानकारी आपदा कंट्रोल रूम और बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। पोल गिरने के कारण संबंधित क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई है। विभाग की पेट्रोलिंग टीम मौके की ओर रवाना हो गई है। इधर चौखुटिया, मौलेखाल, मानिला, स्याल्दे, देघाट समेत अनेक क्षेत्रों में अंधड़ और तूफान आने की सूचना मिली हैं।

शिक्षकों की बयानबाजी से भड़के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी

अल्मोड़ा : मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के पद समाप्त करने की मांग को लेकर शिक्षक संघ द्वारा की जा रही बयानबाजी से मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मिनिस्टीरियल एसोसिएसन के सदस्यों ने मंडलीय अध्यक्ष और मुख्य शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। पिछले दिनों राजकीय शिक्षक संघ ने मिनिस्टीरियल कर्मी को प्रभारी बीईओ का पदभार देने पर विरोध जताया था। राजकीय शिक्षक संघ के इस विरोध पर एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफीसर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने रोष जताया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ ने एजुकेशनल मिनिस्टीरियल संवर्ग के अधिकारियों को शासन की ओर से दिए गए अधिकारों पर नकारात्मक टिप्पणी की है। जो कि पूरी तरह से गलत है। शिक्षकों की इस बयानबाजी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजकीय शिक्षक संघ की बयानबाजी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

पर्यावरण बचाने में मददगार हो सकती है ड्रोन तकनीक

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि।

▸▸ विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोग करने से हो रहे लाभ की जानकारी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर सोबन सिंह जीना विवि के अल्मोड़ा परिसर के रिमोट सेंसिंग विभाग में आयोजित कार्यशाला में ड्रोन तकनीक और उससे होने के वाले फायदों के बारे में बताया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट, वीपीकेएएस के वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार, प्रो. जीवन सिंह रावत, प्रो. अनिल कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार ने ड्रोन तकनीक से वनाग्नि रोकने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने जिओ इंफॉर्मेटिक्स साइंस के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. जीवन सिंह रावत ने ड्रोन को एक कारगर एवं उपयोगी तकनीक बताया। बताया कि ड्रोन तकनीक के एप्लीकेशन कृषि, बागवानी, जल संरक्षण आदि के आंकड़ों को एकत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा की। कार्यशाला में प्रो. एके यादव, डा. दीपक, डा. सरिता पालनी, हिमानी बिष्ट, डा. ललित जोशी, मनोज, दीक्षिता, ललित सिंह, निशा टम्टा रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर किया लोगों को जागरूक

रानीखेत : विश्व पर्यावरण दिवस पर चिलियानौला नगर पालिका परिषद क्षेत्र में छात्राओं ने जन जागरण रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। यहां बीयरशिवा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चिलियानौला नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारा दायित्व है। जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए सभी को सार्थक प्रयास करने चाहिए।

स्कूली बच्चों ने रैली निकाली, पौधरोपण किया

अल्मोड़ा : जिला परियोजना अधिकारी रंजीता के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और बाद में पौधरोपण भी किया। इस दौरान नंमामि गंगे योजना के अंतर्गत जिला गंगा सुरक्षा समिति अल्मोड़ा द्वारा एनटीडी चितई रोड़ अल्मोड़ा में विवेकानंदबालिका विद्या मंदिर की छात्राओं के साथ वृक्ष रोपण किया गया। कार्यक्रम में डा. वसुधा पंत, वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

जीबी पंत और निरंकारी मिशन ने भी चलाया अभियान

अल्मोड़ा : विश्व पर्यावरण दिवस पर अल्मोड़ा के गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण के महत्व और उसे सुरक्षित रखने के तरीके बताए। वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। इस दौरान स्कूली बच्चों और संस्थान के वैज्ञानिकों ने चौड़ी पत्ती के पौधों का रोपण किया। इधर नगर के निरंकारी मिशन द्वारा भी पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर के अलग अलग क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया।

पर्यावरण बचाने के लिए सभी को करने होंगे गंभीरता से प्रयास

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर शारदा वन रेंज द्वारा नंधोर अभ्यारण के रिसेप्शन सेंटर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएम प्रतिनिधि दीपक चन्द रजवार की मौजूदगी में पौधे रोपित किए गए।

उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने पर बल दिया। शारदा वन रेंज के वनाधिकारी पूरन चंद्र जोशी ने सभी का आभार जताया। विवेकानंद विद्या मंदिर, सेंट फ्रांसिस विद्यालय और विजन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, कविता और निबंध के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया।

विजेता छात्र-छात्राएं

1. **कविता वाचन प्रतियोगिता :** तन्मय गहतोड़ी प्रथम स्थान पर रहीं
2. **चित्रकला प्रतियोगिता :** प्रथम : मान्या बोहरा, द्वितीय : मयंक भट्ट, तृतीय : उत्कर्ष राय
3. **भाषण प्रतियोगिता :** प्रथम : माणिक महर, द्वितीय : संध्या गड़कोटी, तृतीय : मनय गहतोड़ी।

टनकपुर के नंधोर वन अभ्यारण सेंटर में वृक्ष रोपित किए गए। ● अमृत विचार

रानीखेत में एसएसबी के जवानों ने किया पौधरोपण

पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते एसएसबी व छावनी परिषद के अधिकारी व जवान।

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार: सशस्त्र सीमा बल के जवानों व अधिकारियों ने बुधवार को कार्यक्रम मेरी लाइफ व विश्व पर्यावरण दिवस पर रानीझील क्षेत्र के आसपास स्वच्छता अभियान व छावनी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम में रानीखेत छावनी परिषद के अधिकारी, कर्मचारी तथा एसएसबी के जवानों ने भाग लिया। बाद में एसएसबी के गनियाद्योली परिसर में भी अधिकारियों, जवानों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर डीआईजी संजीव यादव, मुख्य अधिशाषी अधिकारी छावनी कुनाल रूहेला, द्वितीय कमान अधिकारी राम कुमार प्रसाद आदि अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

अल्मोड़ा : विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसजे कैंपस अल्मोड़ा में यूके बालिका वाहिनी की एसोसिएट एनसीसी ऑफीसर डा. ममता पंत के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनसीसी के कैडेटस ने पर्यावरण पर चित्र बनाए और लोगों को जागरूक किया। डा. ममता पंत ने कैडेटस को पर्यावरण सुरक्षा व पर्यावरण के महत्व के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है ,तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है ,गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है।

संपादकीय

गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी जो कार्यकाल पूरा करने से पूर्व की गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

बचना है तो बचा लो हिमालय

प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता,जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी,जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन,वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर,अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा,लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया,रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके,लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है,लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है,क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को,बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन,पाकिस्तान ,अफगानिस्तान, नेपाल,भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है,जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना,जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है,पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है,जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी,वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में,बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं,में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

प्रसंगवश

भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा

2024 के परिणाम एक सबक हैं,जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी,जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर,स्मृति ईरानी,वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद,आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा,बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर,जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया,मुसलमान ने वोट नहीं दिया,विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार,जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

बड़े-बड़े दावों की खुली पोल

कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है।

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया,उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस,एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं,वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला,वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था,जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे,वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था,जो जेल में रहे थे,लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की,जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में,जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार,जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा,वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

सोशल फोरम

देश को एक बड़ी राहत मिली

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है,पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है,जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम,स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं,विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है,वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ,कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है,जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमूम' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया,जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमूम अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे,जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था,कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था,सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है,चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

चुनावों के निहितार्थ

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता,विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी,किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी,उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए,लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

नष्ट होते जंगल

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है,जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था,उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है,सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है,420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए,किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं,जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना,पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

चम्पावत में छात्रों ने की डिग्री कॉलेज में तालाबंदी, कुलपति का पुतला फूंका

कॉलेज में शिक्षकों की कमी और पेयजल की व्यवस्था न होने पर भड़के छात्र-छात्राएं

संवाददाता, टनकपुर /चम्पावत

अमृत विचार : अल्मोड़ा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का कैंपस बन चुके चम्पावत राजकीय महाविद्यालय की समस्याओं की अनदेखी से छात्र प्रतिनिधियों में गुस्सा है। बुधवार को छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश महर के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने शुल्क में बढ़ोत्तरी सहित कई अव्यवस्थाओं को लेकर कुलपति का पुतला फूंका। साथ ही प्रशासनिक भवन में तालाबंदी भी की गई।

छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि एसएसजे विश्वविद्यालय का कैंपस होने के बावजूद न तो सुविधाएं बढ़ रही हैं और नहीं दिक्कतें दूर हो रही हैं। आरोप लगाया कि प्रवेश के लिए शुल्क 1600 रुपये से बढ़ाकर 3200 कर दिया गया है। इससे कमजोर आर्थिक हालात वाले छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। चेतावनी दी गई कि शुल्क में संशोधन नहीं हुआ, तो जल्द ही छात्रसंघ सड़क पर उतरेगा।

शुल्क तो बढ़ा दिया गया, इसके उल्ट शिक्षकों की तैनाती नहीं की जा रही है। अंग्रेजी और गणित में एक भी सहायक प्रोफेसर नहीं है। इसके अलावा कॉलेज में पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं से भी छात्रों को जूझना पड़ रहा है। तालाबंदी करने में कोषाध्यक्ष यशराज, संयुक्त सचिव हरीश, छात्रा उपाध्यक्षा रेखा सामंत, ज्योति महर, सोनू शर्मा, अंशुल, पूजा आदि मौजूद रहे। एसएसजे विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर के नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट का फोन रिसीव नहीं होने और वाट्सेप के जरिए भेजे सवालों की जानकारी नहीं मिलने से विश्वविद्यालय का पक्ष पता नहीं चल सका।

वहीं सहायक प्रो. डॉ. बीपी ओली का कहना है कि कैंपस बनने के बाद व्यवस्थाओं को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही सामान्य कॉलेज और कैंपस के डिग्री कॉलेज के शुल्क में अंतर होता है। इस वजह से अधिक शुल्क लिया जा रहा है।

चम्पावत महाविद्यालय में प्राचार्य कक्ष के बाहर विरोध जताते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

घर लौट रहे ग्रामीण को घेरकर पीटा

किच्छा। पुलभट्टा थाना क्षेत्र में घर लौट रहे ग्रामीण के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम भंगा निवासी शफीक अहमद ने बताया कि देर शाम वह बजरी लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के निकट कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन पीड़ित घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रपुर ले गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलभट्टा थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

बच्चों में झगड़ा, बेल्ट मारकर किया घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : गली में खेल रहे बच्चों में विवाद हो गया। एक बच्चे ने बेल्ट निकालकर दूसरे बच्चे के मुंह पर दे मारी। इससे उसके मुंह पर काफी चोटें आई हैं।

वार्ड नंबर-पांच मुड़िया पिस्तौर निवासी खलील अहमद ने पुलिस को बताया कि 3 जून की दोपहर बाद करीब 3 बजे उसका बेटा पड़ोसी के बच्चे के साथ गली में खेल रहा था। आरोप है कि खेल-खेल में पड़ोसी के लड़के ने बेल्ट निकालकर उसके बेटे के मुंह पर दे मारी, जिससे उसका चेहरा सूज गया और गुम चोट आईं। इसकी शिकायत करने जब उसका बड़ा बेटा आरोपी बच्चे के घर गया तो उसके माता-पिता ने गाली-गलौज कर धक्का-मुक्की व मारपीट शुरू कर दी तथा उसकी भी पिटाई कर दी। इसको लेकर बड़ों में भी जमकर मारपीट हुई। वहीं दूसरे पक्ष ने भी घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से मामला दर्ज नहीं हुआ था।

सीएचसी से चोरी करके युवक भागा

जसपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामान चोरी कर भाग रहा युवक अस्पताल कर्मी की पकड़ से छूटकर भाग गया। एक युवक मंगलवार को सुबह के समय जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कुछ सामान चोरी कर थैले में रखकर ले जा रहा था। अस्पताल गेट पर एक कर्मी ने शक होने पर उसे पकड़ लिया। उसके थैले में अस्पताल की एसी के उपकरण रखे हुए थे। लेकिन वह उससे हाथ छुड़ाकर भाग गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. धीरेंद्र गहलौत ने इस घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

करारी हार के कारण ढूंढने में जुटे कांग्रेसी

▸▸ चुनावों में कांग्रेस विधायक वाली विधानसभाएं भी चारों खाने चित

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ऐतिहासिक अल्मोड़ा सीट पर कांग्रेस के काफी खराब प्रदर्शन के बाद अब पार्टी के दिग्गजों को हार पर मंथन करने के साथ यह सोचने को मजबूर कर दिया है कि आखिर कार जनता ने उसे सिरे से क्यों खारिज कर दिया है। अल्मोड़ा लोकसभा की चौदह विधानसभाओं में से वर्तमान में पांच विधानसभाओं में कांग्रेस के विधायक हैं। लेकिन इन विधानसभाओं में भी कांग्रेस पार्टी इन चुनावों में अपनी लाज बचाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई।

लोकसभा चुनावों का आगाज होने के बाद दोनों ही पार्टियों ने अपने अपने विधायकों को अपने अपने क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस काम में भाजपा के सियासतदार को सफल हो गए।

कांग्रेसी विधायक वाले विस क्षेत्रों में किसको कितने मिले मत

विधानसभा	कांग्रेस	भाजपा
द्वाराहाट	10312	28463
अल्मोड़ा	17148	27099
लोहाघाट	10892	36206
पिथौरागढ़	16862	34336
धारचूला	13415	26512

लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायक अपनी ही विधानसभाओं में अपनी पार्टी की लाज नहीं बचा पाए। अल्मोड़ा लोकसभा की द्वाराहाट, अल्मोड़ा, लोहाघाट, पिथौरागढ़ और धारचूला में वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के विधायक काबिज हैं। जबकि चंपावत, डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट, जागेश्वर, बागेश्वर, सल्ट, रानीखेत और सोमेश्वर में भाजपा के विधायक हैं। इन चुनावों में भाजपा विधायकों वाली विधानसभाओं में तो भाजपा उम्मीदवार को उम्मीद से अधिक वोट मिले। लेकिन जहां कांग्रेस पार्टी के विधायक काबिज थे वहां भी भाजपा ने कांग्रेस पार्टी का सूफड़ा साफ कर दिया। यह स्थिति अब कांग्रेस संगठन को हैरान कर रही है। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों की पेशानी पर बल भी डाल रही है। लोकसभा चुनावों के परिणामों के बाद अब जहां भाजपा खासी उत्साहित है। वहीं कांग्रेस संगठन ही नहीं बल्कि इस लोकसभा में काबिज कांग्रेस के विधायकों की नींद उड़ गई है। ऐसी हालत में अगर कांग्रेस पार्टी ने इस हार से सबक नहीं लिया तो आने वाले चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

भाजपा विधायक देख रहे अपना भविष्य

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड में लोकसभा चुनावों में पांचों सीटों पर रिकार्ड मतों से जीत का परचम फहराने के बाद जहां भाजपा खेमे में खुशी का माहौल है। वहीं मतदाताओं द्वारा दिए गए समर्थन से भाजपा विधायकों के चेहरे पर भी खासी रौनक है। क्योंकि इन चुनावों में उन्हें जीत की खुशी के साथ ही उन्हें इन चुनाव परिणामों में अपना आने वाला भविष्य भी दिखाई दे रहा है।

उपपा ने जनता के फैसले का किया स्वागत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने एक बैठक कर लोकसभा चुनाव में पार्टी का समर्थन करने वाले तमाम मतदाताओं, नागरिकों आभार व्यक्त करते हुए जनता के पक्ष में निरंतर संघर्ष ज़ारी रखने का संकल्प दोहराया है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी एवं पार्टी की अल्मोड़ा लोकसभा सीट की प्रत्याशी किरन आर्या ने कहा कि उपपा जनसंघर्षों से निकली हुई पार्टी है और उत्तराखंडी अस्मिता को तार तार कर रही सत्ताओं के खिलाफ निरंतर संघर्ष कर रही है, जो आगे भी रहेगा। पार्टी ने चुनाव में समर्थन देने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल का भी आभार व्यक्त किया है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव एडवोकेट नारायण राम, एडवोकेट गोपाल राम, एडवोकेट मनोज पंत, राजू गिरी, मोहम्मद वसीम, भावना पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

महिला सहित तीन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ऊर्जा निगम के एसडीओ ने तीन लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के अनुसार एक महिला सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में ऊर्जा निगम के एसडीओ पंकज कुमार ने कहा कि मंगलवार को वह विभागीय टीम के साथ ग्राम मुकंदपुर में बिजली कनेक्शन की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुकंदपुर निवासी प्रेम कौर, रामवीर सिंह व चमन के घरों में बिजली चोरी होते पाई गई।

इन घरों में विद्युत मापक से पहले कट लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। तहरीर के आधार पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

60 वर्षीय वृद्धा की हार्टअटैक से मौत

बाजपुर। यहां 60 वर्षीय वृद्धा की हार्टअटैक पड़ जाने से मौत हो गई। ग्राम महेशपुरा निवासी आशा (60) पत्नी कुमरसेन की काफी लंबे समय से तबीयत खराब थी। मंगलवार देर रात्रि आशा को हार्टअटैक पड़ गया। सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पहले भी आशा को दो बार हार्टअटैक पड़ चुका था।

नाली और टाइल्स मार्ग गुणवत्ता विहीन बनाने का आरोप

खटीमा। अमाऊं के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर नाली व टाइल्स रोड के निर्माण के गुणवत्ता विहीन होने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज कन्याल, बीडी भट्ट, पुष्कर सिंह, डीके जोशी, पीएस सामंत, शान्ति सामंत, शकुन्तला धोनी, सीता कन्याल आदि मौजूद थे।

मारपीट व पथराव मामले में तीन और गिरफ्तार

जसपुर। मोहल्ला पट्टी चौहान में 25 अप्रैल को घनेंद्र जोशी के पुत्र की घुड़चढ़ी के दौरान दो समुदायों में हुई मारपीट व पथराव के मामले मे पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

वन निगम के कटान में लगे बिरगुल के मजदूर की मौत

टनकपुर : चम्पावत वन क्षेत्र में वन निगम के कटान के दौरान एक श्रमिक की मौत हो गई। बिरगुल क्षेत्र के मजदूर के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

दोपहर में एकाएक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया। चम्पावत के बिरगुल क्षेत्र का चंद्रशेखर जोशी (34) करीब दो महीने से वन निगम के कटान के काम में लगा था। जिले से करीब 10 किलोमीटर दूर सिमल्टा क्षेत्र में लकड़ी कटान कर रहा था। इसी दौरान श्रमिक चंद्रशेखर पेड़ की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया।

आसपास के लोगों ने इस वारदात की जानकारी परिजनों को दी। बिरगुल क्षेत्र के शंकर दत्त शर्मा ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा 6 बच्चे छोड़ गया। अंतिम संस्कार 6 जून को होगा। घटना से परिवर में कोहराम मचा है। क्षेत्र के लोगों ने मृतकाश्रितों को समुचित मुआवजा देने का वन निगम और प्रशासन से आग्रह किया है।

उत्तर प्रदेश

नशे में धुत पति ने महिला की हत्या की, आरोपी हिरासत में

▸▸ किराए के मकान में हुई घटना शराब के नशे में पत्नी को उतारा मौत के घाट

▸▸ संभल के पवांसा गांव का रहने वाला था नीटू, दो दिन पहले ही आए थे रहने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हरथला रेलवे कालोनी आजाद नगर में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना का कारण नशे की लत और पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि नीटू सिंह पत्नी पूनम और तीन बच्चों के साथ हरथला आजाद नगर में किराए पर रहता था। वह संभल के थाना बहजोई क्षेत्र स्थित पवांसा गांव का रहने वाला था। किराए का मकान पिंटू उर्फ काले पुत्र दयाराम का है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार आधी रात नीटू शराब के नशे में धुत होकर घर आया था। बच्चे कमरे की छत पर सो चुके थे। शराब के नशे में होने से उसकी पत्नी उससे नाराज होने लगी थी। लेकिन, नीटू दबाव में नहीं आया और वह पत्नी से ही गाली-गलौज करने लगा था। इसी दौरान पहले उसने पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। शोरगुल सुनकर मकान मालिक व अन्य लोगों ने नीटू के कमरे में आकर दोनों पति-पत्नी को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। लेकिन, विवाद समाप्त होने के बाद भी नीटू शांत नहीं हुआ और वह पत्नी से उलझता रहा। इसी बीच उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यही नहीं, फिर वह सुबह होते ही बच्चों को लेकर पूनम के मायके पहुंच गया और वह खबर दी कि जयंतीपुर कोई व्यक्ति आया था, वह पूनम की हत्या कर भाग गया है। खबर मिलते ही मृतक महिला पूनम की दादी तारावती और चाचा परमानंद सिंह मौके पर पहुंचे लेकिन, नीटू इनके साथ नहीं आया था। उधर, मकान मालिक की सूचना पर सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए थे। इसके बाद विवाहिता के शव कोपोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नीटू के बच्चों ने पुलिस को बताया कि उनका पिता लगभग हर रोज घर में शराब पीकर आते थे और पूनम से विवाद कर मारता-पीटता था।

बड़ी बेटी ने कहा, पापा ने ही मम्मी को मारा

प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर जांच के दौरान मृतका की बेटी भूमि ने उन्हें बताया भी है कि उसकी मां की हत्या उसके पिता नीटू ने ही गला दबाकर की है। महिला के गले पर निशान भी दिख रहे थे। भतीजी पूनम की हत्या के मामले में उसके चाचा परमानंद सिंह ने दामाद नीटू के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। नीटू पुलिस की हिरासत में है।

किसान ने खुदकुशी की अनुमति मांगी

मिलक (रामपुर), अमृत विचार: भूमि विवाद के चलते किसान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आत्महत्या की अनुमति मांगी है। क्षेत्र के मोहम्मद नगर नानकार निवासी लालता प्रसाद गंगवार ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में लिखा है कि क्षेत्र के बिलासपुर रोड स्थित सिमरा मोड़ पर उनकी जमीन है। उसके विवाद से तंग आ चुका है और आत्महत्या करना चाहता है। क्षेत्र के नरखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी गाटा संख्या 127 में उसकी गाटा संख्या 124 व सरकारी जमीन की गाटा संख्या 125 में अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर लिया है। जब भी वह निर्माण का विरोध करता है तो झगड़े पर आमादा हो जाता है। झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। अधिकारियों व कर्मचारियों से शिकायत करने के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि दो दिन में उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्महत्या कर लेगा।

वर्ग पहेली-92

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

4.1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।

6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।

7.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

ऊपर से नीचे

2. जिसका संस्कार हुआ हो।

3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।

5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।



वर्ग पहेली -91 का हल

1 अ	दी	खा	■	2 नि	■	■
धि	■	■	3 पै	शा	चि	4 क
मा	■	■	■	च	■	च
5 स	रे	बा	ज़ा	र	■	पें
■	■	■	■	■	■	दि
■	■	■	■	6 प	नि	या
7 सं	सू	च	क	■	■	■

सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1	5			4			3
	6	7			8	4	1	
2				1		5		7
5							4	
		1				9		
	8							6
7		4		5				8
	3	9	6			1	7	
1			3			2	9	

सुडोकू -4 का हल

8	1	3	4	6	9	5	7	2
4	5	7	8	3	2	6	1	9
9	2	6	5	1	7	8	3	4
3	7	8	2	5	6	4	9	1
5	9	4	7	8	1	3	2	6
1	6	2	3	9	4	7	8	5
7	4	1	6	2	8	9	5	3
6	3	9	1	7	5	2	4	8
2	8	5	9	4	3	1	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20.16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।

वृष — आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन — आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

कर्क — आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

सिंह — आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

कन्या — आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

तुला — आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

वृश्चिक — आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।

धनु — आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

मकर — आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

कुंभ — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

मीन — आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- धड़कन — दोपहर : 12.00
- भीष्मा — रात : 09.00

&pictures
- बादल — सुबह : 10.30
- नाम शबाना — रात : 07.00

SONY PIX
- द वॉटर हार्स — सुबह : 11.10
- द डॉर्क नाइट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- यह तो कमाल हो गया — सुबह : 11.20
- लगान — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- रघुवीर — सुबह : 09.21
- साजन — शाम : 06.39

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2055, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1865, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1890, स्वास्तिक 2025, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार

मुंबई। तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को अनिवार्य किया

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

- आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात

बार इसे यथावत रखा है। एसबीआई के एक शोध पत्र के अनुसार, केंद्रीय बैंक को उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर बरकरार रहना चाहिए। एमपीसी बैठक की रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रेपो दर में कटौती करेगा और यह कटौती कम रहने की संभावना है। कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में पांच प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है और उसके बाद जुलाई में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,650
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,900
गिन्नी (प्रति नग)	55,050-55,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,800
चांदी तैयार	88,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	88,800।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 65 मसूरी 54 अंगूरी 60 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 110-125 साबुत चना दाल 65-85 मूंग साबुत 97 राजमा 157 दाल उड़द 123 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 70-72 उड़द साबुत 110-120 काबुली चना 73-165 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 81-100 सोयाबीन 40 मूंगफली 74 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये।

अडाणी की कंपनियों के शेयरों में उछाल अडाणी ग्रीन एनर्जी 11 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पहले मंगलवार को चुनाव नतीजों की घोषणा के बीच समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। बीएसई पर अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई।

एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अडाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया। दिन में कारोबार के दौरान अडाणी ग्रीन के शेयर में 12.24 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 9.62 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.95 प्रतिशत, अडाणी पावर में 7.54 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज में 7.22 प्रतिशत, अडाणी टोटल में 6.40 प्रतिशत, एसीसी में 6.17 प्रतिशत, एनडीटीवी में 5.82 प्रतिशत और अडाणी विल्मर में 2.23 प्रतिशत का उछाल आया। हालांकि, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई।

राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक

और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।

राष्ट्रीय

एक नजर

बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

हैदराबाद। हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

जम्मू। जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

सिरसा। हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा-तथ्य यह है कि भारी दबाव है, यह प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता (आप) को पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जीपीआरए (जनरल पूल आवास) से आवास आवंटित करने के अधिकार से इनकार करने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से छह सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके निर्णय लें कि जीपीआरए से एक भी आवासीय इकाई याचिकाकर्ता को क्यों नहीं आवंटित की जा सकती है, जबकि अन्य सभी राजनीतिक दलों को जीपीआरए से समान आवास आवंटित किया गया है। आदेश में कहा गया है, उन्हें याचिकाकर्ता के आग्रह पर फैसले वाला विस्तृत आदेश याची को उपलब्ध करने दें।

उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित

अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।

गुवाहाटी में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने आई बाढ़ के दौरान नावों पर सवार होकर लोगों को बचाया। इस समय भारी बारिश के चलते राज्य में आई बाढ़ से लोग काफी परेशान हैं। ● एजेंसी

केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

देश के उत्तर, पश्चिम हिस्सों में वर्षा के आसार

- मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 4-5 दिनों को लेकर जताई है संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में अगले 4-5 दिनों में धूल भरी आंधी चलने के साथ-साथ वर्षा होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के तहत, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 8 जून को गरज और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ-साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

इसी अवधि में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं जबकि पूर्वी भारत, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिनों के दौरान लू की स्थिति जारी रहने के आसार हैं। मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, कर्नाटक के शेष हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिण ओडिशा, पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्से में अगले तीन-चार दिनों के दौरान मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

भुवनेश्वर। बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए। भाजपा ने ओडिशा में 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया है जबकि बीजद केवल 51 सीटें जीत पाई।

सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगित मिली है।

छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगी भीषण

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। सोशल मीडिया पर अस्पताल में आग लगने के बारे में कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया था।



खेल डायरी

सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

जकार्ता। भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

चेन्नई। चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

दाम्बुला। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

भारत ने आयरलैंड को सस्ते में समेटा

आयरलैंड ने बनाए 96 रन, हार्दिक तीन, बुमराह अर्शदीप को मिले दो-दो विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया है।

आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। खबर लिखे जाने तक भारतीय टीम 96 रनों के जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतर चुकी थी और विराट व रोहित ने 2 ओवर में 22 रन बना दिए थे।

हैरी टेक्टोर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

आयरलैंड	96/10 (16 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप	5	10	1/0
पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप	2	6	0/0
लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक	10	13	2/0
हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह	4	16	0/0
कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक	12	8	1/1
जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज	3	5	0/0
गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत)	26	14	2/2
मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक	3	2	0/0
बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर	0	6	0/0
जोशुआ लिटिलब बुमराह	14	13	2/0
बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट	2	4	0/0

अतिरिक्त रन : 15, गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित

न्यूयार्क। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल

में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

डलास। ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक

नॉर्वे शतरंज

के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

न्यूयॉर्क। पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

लंदन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो

लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।

यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे

करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।

इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया

मिलान। इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

मेलबर्न। तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह

लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

पेरिस। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7,6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में दी मान्यता

ल्युब्लियाना, एजेंसी। यूरोपीय देश स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मंगलवार को मान्यता दे दी। स्लोवेनियाई संसद ने बहुमत से इस कदम को मंजूरी दे दी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की ओर से इस मुद्दे पर जनमत संग्रह के आह्वान को खारिज कर दिया।

गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए इजरायल पर दबाव बनाने के व्यापक प्रयास के तहत सरकार ने पिछले हफ्ते स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे के नक्शेकदम पर चलते हुए फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला किया। प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने एक्स पर कहा फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने से वेस्ट बैंक और गाजा में लोगों में आशा जगी है।

नाबालिग की रिमांड बढ़ाने की मांग को बाल न्याय मंडल का किया रुख

पुणे, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना

पुणे पुलिस ने बाल न्याय मंडल (जेजेबी) के समक्ष एक आवेदन दायर कर एक कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय किशोर की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया है जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के एक निगरानी गृह में बंद 17 वर्षीय लड़के की रिमांड बुधवार को समाप्त हो रही है। पुणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा, हमने जेजेबी के समक्ष एक आवेदन दायर कर पर्यवेक्षण गृह में उसकी हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की है। पुणे पुलिस की याचिका पर जेजेबी के समक्ष बुधवार को सुनवाई होनी है। महाराष्ट्र के पुणे शहर के कल्याणी नगर में 19 मई को तड़के एक पोर्श कार की टक्कर लगने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कार को कथित रूप से एक नाबालिग चला रहा था जो उस वक्त शराब के नशे में था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटे बाद एक रियल एस्टेट डेवलपर के नाबालिग बेटे को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने के लिए कहा था। कड़ी आलोचना के बाद, पुलिस ने फिर से जेजेबी से संपर्क किया, जिसने आदेश में संशोधन किया और आरोपी को 5 जून तक निगरानी केंद्र में भेज दिया। पुलिस ने नाबालिग के रक्त नमूनों की उसकी मां के रक्त नमूनों से कथित अदला-बदली के आरोप में नाबालिग के पिता, मां, दो डॉक्टरों और सरकारी ससून जनरल अस्पताल के एक अन्य कर्मचारी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। घटना से संबंधित मामले में नाबालिग के दादा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने और आरोपी डॉक्टरों और नाबालिग के पिता के बीच वित्तीय लेनदेन कराने के आरोप में मंगलवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।

ताइवान ने क्षेत्र में चीन के 26 विमानों का पता लगाया

ताइपे, एजेंसी। ताइवान की सेना ने पिछले दिन द्वीप के करीब चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 26 विमानों और 10 जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म "एक्स" पर लिखा गया "ताइवान के आसपास संचालित 26 पीएलए विमान और 10 पीएलएएन जहाजों का पता स्थानीय समयानुसार आज सुबह छह बजे तक लगाया गया था। इस दौरान 19 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड (वायु रक्षा पहचान क्षेत्र) में प्रवेश किया।"

उ. कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उड़े बी-1बी बमवर्षक विमान

सियोल, एजेंसी

अमेरिका ने सात वर्ष में पहली बार दक्षिण कोरिया में अपने बमबारी अभ्यास के लिए बुधवार को कोरियाई प्रायद्वीप पर लंबी दूरी के बी-1बी बमवर्षक विमान उड़ाए। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बी-1बी बमवर्षक विमान ने अमेरिका के अन्य और दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किए।

उसने बताया कि बी-1बी बम वर्षक विमान ने प्रशिक्षण के दौरान दक्षिण कोरिया के विमानों के सुरक्षा घेरे में रहते हुए ज्वाइंट डायरेक्ट एटैक म्यूनिशंस (जेडीएएम) गिराए। यह 2017 के बाद से ऐसा पहला बमबारी अभ्यास है। जेडीएएम बमों में बंकर-बस्टर भी शामिल हैं। जेडीएएम एक मार्गदर्शन प्रणाली है जो बिना निर्देशित, पारंपरिक बमों को अधिक सटीक, जीपीएस-निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। अमेरिका के सभी लड़ाकू विमान, बमवर्षक विमान और ड्रोन जेडीएएम इस्तेमाल कर सकते हैं और इसकी युद्ध सामग्री उन हथियार प्रणालियों में शामिल है जिसे अमेरिका रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध कराता रहा है।

एक नजर

इजरायली हमले में 38 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। मध्य गाजा में मंगलवार को इजरायल की सेना के हमले में कम से कम 38 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। अल जज़ीरा ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में आठ फिलिस्तीनी पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों की देर अल-बलाह में उनकी कार पर हुए इजरायली हमले में मौत हो गयी। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा था उनकी जमीनी सेना मध्य गाजा पट्टी के ब्यूरिज इलाके में काम कर रही थी, जबकि लड़ाकू विमानों ने हवा से हमास के ठिकानों पर हमला किया।

इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में भूकंप के झटके

हांगकांग। इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक 02 :20 बजे (ग्रीनविच मीन टाइम) आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 3 .66 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 100 .68 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10 .0 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

श्रीलंका में समुद्र में डूबे भारतीय दंपति की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने आए एक भारतीय दंपति की देश के दक्षिण में हंबनटोटा के पास समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय पुरुष और 33 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। प्रारंभिक पड़ताल के अनुसार दोनों पति-पत्नी थे। एक समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, घटना मंगलवार को किरिंदा बीच पर अपने परिवार के साथ आए पर्यटकों के साथ घटी।

पाकिस्तान में टिकटॉकर की गोली मारकर हत्या

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नाजिमाबाद में मंगलवार की रात मोबाइल फोन की दुकान के सुरक्षा गार्ड ने एक टिकटॉकर को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान उत्तरी नाजिमाबाद निवासी मुख्तियार अहमद के 24 वर्षीय बेटे साद अहमद के रूप में हुई है। सुरक्षा गार्ड ने उसे उस समय गोली मारी दी, जब वह साखी हसन के पास सरीना मोबाइल मार्केट के बाहर वीडियो बना रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि लोग एक घायल व्यक्ति के आसपास खड़े थे और सुरक्षा गार्ड गुल हसन को पकड़ रखा था।

भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है चुनाव : सीजेआई

चुनावों के बीच न्यायाधीशों ने मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित किया

ऑक्सफोर्ड/लंदन, एजेंसी

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर बात रखी
- न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं न्यायाधीश व्यवस्था की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ मंगलवार को प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने इस दौरान न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली कुछ अनुचित आलोचनाओं को रेखांकित करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचने में मदद करना है। उन्होंने भारत के आम चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है... भारत में न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते और इसका एक कारण यह भी है कि न्यायाधीश हालातों और संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसमें हम परंपरा की भावना को प्रदर्शित करते हैं और साथ ही इस भावना को भी प्रदर्शित करते हैं कि एक अच्छे समाज का भविष्य कैसा होना चाहिए। निर्णय सुनाते समय उन्हें जिन राजनीतिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा, उसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, न्यायाधीश के रूप में मेरे 24 वर्षों के कार्यकाल में मुझे कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा, हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है... लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए। यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा किसी निर्णय के संभावित प्रभाव की समझ है।

वहां मौजूद विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए गए फैसले के बारे में सवाल पूछा जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था। उन्होंने कहा, मैं यहां फैसले का बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि एक न्यायाधीश के तौर पर मेरा मानना है कि एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद यह न केवल राष्ट्र की बल्कि वैश्विक मानवता की पूंजी बन जाता है।

सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी

ह्यूस्टन, एजेंसी। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बुधवार को एक अन्य सहकर्मी के साथ तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए रवाना हुईं। इसके साथ ही दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया।

विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' कई बार के विलंब के बाद फ्लोरिडा के 'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना हुआ। विलियम्स ने इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में भी इतिहास रचा। वर्ष 2012 में विलियम्स अंतरिक्ष में 'ट्रायथलॉन' पूरा करने वाली पहली व्यक्ति बनी थीं। विलियम्स मई 1987 में अमेरिकी नौसैन्य अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद अमेरिकी नौसेना से जुड़ी थीं। विलियम्स को 1998 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था और वह दो अंतरिक्ष अभियानों-2006 में अभियान 14/15 तथा 2012 में 32/33 अभियानों का हिस्सा बनीं।

बाइडन-ट्रंप ने कुछ राज्यों में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगवलार को कुछ राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीत लिया। 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार चुनाव में उतरे ट्रंप ने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यू जर्सी में प्राइमरी चुनाव जीता। बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डकोटा, न्यू जर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीता।

ट्रंप और बाइडन दोनों को मंगलवार को हुए मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन कई अमेरिकियों का कहना है कि वे 2020 के चुनाव को दोहराना नहीं चाहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप के वर्चस्व को पहले संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चुनौती दी थी लेकिन बाद में उन्होंने मार्च में राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की। हेली ने दो सप्ताह पहले कहा था कि वह नवंबर में ट्रंप के लिए वोट करेंगी। हालांकि, न्यू मेक्सिको में वह प्राइमरी चुनाव की दौड़ में शामिल थीं जहां कई मतदाताओं ने हेली के पक्ष में वोट किया लेकिन मंगलवार देर रात तक उनका वोट प्रतिशत 10 फीसदी से कम था।

बाइडन को हमास के साथ इजराइल के युद्ध से निपटने को लेकर डेमोक्रेटिक मतदाताओं की नाखुशी के कारण हाल में हुए मुकाबलों में विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। इस बीच, मतदाताओं ने मंगलवार को इन राज्यों में संघीय, राज्य और स्थानीय कार्यालय के लिए प्राइमरी चुनाव में भी वोट डाला।

लेबनान में अमेरिकी दूतावास पर हमले का किया प्रयास

बेरूत, एजेंसी। लेबनान की राजधानी बेरूत के निकट अमेरिकी दूतावास पर हमले का प्रयास कर रहे एक बंदूकधारी को सैनिकों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या चार थी। सेना ने यह जानकारी दी।

चरमपंथी समूह हिजबुल्ला और इजराइली सैनिकों के बीच महीनों से जारी लड़ाई के कारण इस देश के सीमावर्ती क्षेत्र में हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। साथ ही लेबनान कई वर्षों से राजनीतिक गतिरोध और आर्थिक तंगी का भी सामना कर रहा है। लेबनान की सेना ने बयान में बताया कि सैनिकों ने एक हमलावर पर गोली चला दी। सेना ने हमलावर की पहचान केवल सीरियाई नागरिक के रूप में की है।

पाकिस्तान में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या

लाहौर, एजेंसी

- दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पंजाब प्रांत में प्रेम विवाह करने पर दो बहनों की उनके पिता और भाई ने हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार को लाहौर से करीब 350 किलोमीटर दूर वेहारी में हुई।

पुलिस के अनुसार निशात और अफशां नामक दो बहनें पिछले महीने अपना घर छोड़कर चली गईं थीं और दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी। दोनों की उम्र 20 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। दोनों बहनों के पिता के अनुरोध पर आयोजित पंचायत की बैठक में उनके दूल्हों के परिवारों को आदेश दिया गया कि वे विवाहित लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दें। पुलिस ने कहा, दूल्हों के परिवारों ने पंचायत के आदेश का पालन किया और दोनों लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। मंगलवार को लड़कियों के पिता सईद और भाई आसिम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उन्हें घर पर ही प्रताड़ित करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी को मानव तस्करी के आरोप में देश की शीर्ष जांच एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

जियो न्यूज के अनुसार, संघीय जांच एजेंसी की मानव तस्करी रोधी टीम ने सारिम बर्नी को अमेरिका से कराची हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा है कि मानवाधिकार कार्यकर्ता को अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। सरकार ने बर्नी पर 25 से ज्यादा बच्चों की तस्करी कर अमेरिका भेजने और अवैध रूप से बच्चों को गोद दिलाने का आरोप लगाया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, संघीय जांच एजेंसी गिरफ्तारी से पहले कुछ समय से बर्नी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

पांच पूर्व नौसेना अफसरों की फांसी पर लगाई रोक

इस्लामाबाद, एजेंसी। इस्लामाबाद की एक शीर्ष अदालत ने पांच पूर्व पाकिस्तानी नौसेना अधिकारियों की फांसी पर रोक लगा दी है जिन्हें पहले 'जनरल कोर्ट मार्शल' के एक आदेश के द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश बाबर सत्तार ने नौसेना अधिकारियों के अनुरोध पर मंगलवार को लिखित आदेश जारी किया। इससे एक दिन पहले इस मामले में सुनवाई हुई थी।

पाकिस्तान में 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने दो नेताओं की कथित न्यायपालिका विरोधी प्रेस वार्ता प्रसारित करने के लिए बुधवार को 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस जारी किया। निर्दलीय उम्मीदवार सीनेटर फैसल वावदा और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट के सांसद मुस्तफा कमाल को अलग-अलग प्रेस वार्ता करने और कथित तौर पर शीर्ष न्यायपालिका के न्यायाधीशों के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करने के लिए कार्यवाही का सामना करना पड़ा।

श्रीलंका में खराब मौसम से मरने वालों की संख्या 30 हुई

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका में 15 मई से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा टेन्नाकून ने बुधवार को संसद में यह जानकारी दी। टेन्नाकून ने कहा भारी मानसूनी बारिश ने 71 घरों को नष्ट कर दिया है जबकि 9,300 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। टेन्नाकून ने बताया कि 63 बुनियादी ढांचा व्यवस्था के साथ-साथ 825 छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों को भी नुकसान पहुंचा है। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो सहित 10 जिलों में मूसलाधार बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गई, पेड़ गिर गए, तेज हवाएं चलीं, बिजली गिरी और धरती खिसक गई।

बॉलीवुड हलचल

अजय की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगे अनिल कपूर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे' प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। अब इसके सीक्वल का ऐलान कर दिया गया है, जो अगले साल यानी 2025 में लाया जाएगा।फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहला पार्ट खत्म हुआ था। मेकर्स ने स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव किए हैं, वहीं फिल्म में नए एक्टर्स की एंट्री हुई है। अनिल कपूर इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अजय देवगन की 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वह हाथों में स्क्रिप्ट लिए नजर आ रही हैं। रकुल ने तस्वीर के साथ लिखा,फेवरेट सेट पर वापसी हो गई है. दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू।

सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनत्री सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। सनी लियोनी ने अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी लियोनी ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा। पहले पोस्टर में सनी, प्रियामणि के रोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है। सनी लियोनी ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "एक हाइपर-लिंक फिल्म जुलाई से सिनेमाघरों में!फिल्म 'कोटेशन गैंग' में सनी लियोनी एक हत्यारन की भूमिका में हैं, जो एक गिरोह की मुख्य सदस्य है। वो कॉन्ट्रैक्ट किलर है।

कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को होगा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होगा। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। बुधवार की सुबह ट्रेलर लॉन्च की घोषणा करते हुए, फिल्म के आधिकारिक हैंडल ने खबर साझा की। कल्की 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को आएगा। ट्रेलर रिलीज़ की तारीख़ की घोषणा एक नए पोस्टर के साथ की गई, जिसमें प्रभास द्वारा निभाए गए किरदार को पहाड़ की चोटी पर खड़े हुए देख सकते हैं और पोस्टर पर लिखा है, सब कुछ बदलने वाला है।

खगोल विज्ञान इस खोज को अत्यंत दुर्लभ मान रहे हैं वैज्ञानिक, घूमने में मात्र एक सेकंड का लगता है समय

अपनी धुरी पर बहुत धीमी गति से घूमता है ध्वस्त तारा

अमृत विचार, नैनीताल

- यह खोज सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने की है

वैज्ञानिकों ने ध्वस्त हो चुके एक ऐसे तारे को खोज निकाला है, जो अपने अक्ष में बहुत धीमी रफ्तार से एक घंटे में घूम पाता है, जबकि इस तरह के ध्वस्त तारे को घूमने में मात्र एक सेकंड का समय लगता है। यह दुर्लभ खोज मानी जा रही है।

सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। इस तरह के ध्वस्त तारे को रेडियो-उत्सर्जक न्यूट्रॉन तारा कहा जाता है। अब तक इस तरह के 3,000 से अधिक तारों की खोज हो चुकी है, जो अपने कक्ष में सेकेंडभर में चक्कर पूरा कर लेते हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है। खोजकर्ता वैज्ञानिक मनीषा कालेब के अनुसार रेडियो स्पंदन उत्सर्जित करने वाले न्यूट्रॉन स्टार की यह खोज असामान्य है। यह खोज तारकीय वस्तुओं के जटिल जीवन चक्र में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाली है। इसके धीमी गति से घूमने की वजह पता लगाने का प्रयास वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस तरह के तारे भौतिकी की चरमता रहती है।

अजूबा है समूचा ब्रह्मांड

ब्रह्मांड अजूबा है और तरह तरह के रहस्यों से घिरा हुआ है। वर्तमान में हम ब्रह्मांड का एक अंशभर भी नही जान पाए हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड असीम शक्तियों का भंडार है। जिसका उपयोग हम दैनिक जीवन में कर सकते हैं। जिस कारण वैज्ञानिक वर्ग इस दिशा में निरंतर अध्ययन करते हैं और ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठाते रहते हैं।

ध्वस्त तारे के घूमने की तस्वीर। ● अमृत विचार

जब ये तारे ढहते हैं, तो अपनी धुरी पर पूरी तरह से घूमने में केवल कुछ सेकंड या एक सेकंड का अंश लेते हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के वजारी यामाजी में सीएसआईआरओ के एएसकेएपी रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज की गई है। यह खोज तब हुई जब वैज्ञानिक आसमान के बड़े हिस्से में गामा किरणों के स्रोत की निगरानी कर रहे थे। साथ ही तेज़ रेडियो विस्फोट की तलाश कर रहे थे। तभी इस न्यूट्रॉन तारे पर नजर पड़ गई। जब इसका बारीकी से अध्ययन किया तो यह हकीकत सामने आई।